वर्ष 72 अंक 305 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 02 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

एक दमनकारी सरकार शेर से भी ज्यादा डरावनी होती है।
- कन्फ्यूशियस

AKS University Satna
Agriculture
ICAR Accredited
भाकृअनुप ICAR
B.Sc. (Hons.) Agriculture
REWA 8889717776 8889647776
SIDHI 8889587776
AMANGANJ 7692807776
CAMPUS 8889207776

एक हफ्ते के लिए टला ट्रंप टैरिफ : बाजार पर दिखा असर, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

# भारतीय कपड़ा निर्यातकों ने जताई बड़े पैमाने पर छंटनी की आशंका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने भारत पर लगाया गया 25 फीसदी टैरिफ एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। इसके बावजूद भारतीय परिधान निर्यातकों ने अमेरिका के 25 प्रतिशत टैरिफ पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि इससे निर्यात पर बड़ा असर पड़ेगा, फैक्ट्रियों को लागत से कम दाम पर माल बेचना पड़ेगा और व्यापक स्तर पर छंटनी की नौबत आ सकती है। ये टैरिफ 7 अगस्त से प्रभावी होंगे और भारत पर ये शुल्क बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे 50 से अधिक देशों की तुलना में कहीं अधिक रखे गए हैं।

अमेरिका भारतीय रेडीमेड गारमेंट निर्यात के लिए सबसे बड़ा बाजार है। अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी) के अनुसार 2024 में भारत ने अमेरिकी परिधान बाजार में 33 फीसदी हिस्सेदारी बनाई थी। 2020 में यह हिस्सेदारी 4.5 फीसदी थी, जो बढ़कर 2024 में 5.8 फीसदी हो गई। अमेरिका के लिए परिधान निर्यात में भारत अब चौथे स्थान पर पहुंच चुका है।

एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखड़ी ने बयान जारी कर कहा, 'यह भारत के परिधान उद्योग के लिए बहुत बड़ा झटका है। सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। निर्यातकों की कमर टूट चुकी है और फैक्ट्रियों को चलाने के लिए लागत से कम पर माल बेचने की मजबूरी होगी, ताकि कर्मचारियों की नौकरियां बचाई जा सकें।'

उन्होंने बताया कि भारत अमेरिका को जिन शीर्ष तीन उत्पादों का सबसे ज्यादा निर्यात करता है, उनमें कॉटन टी-शर्ट (9.71 फीसदी), महिलाओं की कॉटन ड्रेसेज (6.52 फीसदी) और शिशुओं के कॉटन वस्त्र (5.46 फीसदी) शामिल हैं। इन उत्पादों की अमेरिका की कुल वैश्विक खरीद में भारत की हिस्सेदारी 10 फीसदी, 36 फीसदी और 20 फीसदी है। चीन अब भी अमेरिका का सबसे बड़ा परिधान निर्यातक बना हुआ है, हालांकि उसकी हिस्सेदारी 2020 के 27.4 फीसदी से घटकर 2024 में 21.9 फीसदी रह गई है। वहीं, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ मिलकर इन तीन देशों ने अमेरिकी परिधान आयात का 49 फीसदी हिस्सा आपूर्ति किया है।चीन पर अमेरिकी टैरिफ अभी भी 30 फीसदी है, लेकिन वियतनाम और बांग्लादेश को केवल 20 फीसदी टैक्स देना पड़ता है। इस तुलना में भारत पर ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## भारत समेत 68 देशों और यूरोपीय संघ के 27 देशों पर लगेगा टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत 68 देशों और यूरोपीय संघ के 27 देशों पर बुधवार से नया टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। यह 1 अगस्त से प्रभावी होने वाला था, लेकिन अब इसे एक सप्ताह के लिए टाल दिया गया है। अमेरिका की ओर से जारी किए गए नए निर्देश में अब ये टैरिफ 7 दिन बाद भारत समेत बांग्लादेश, ब्राजील और अन्य देशों पर लगाया जाएगा, जो 7 अगस्त से प्रभावी होगा।



### भारत का जवाब: हमारे संबंधों ने कई चुनौतियों को झेला है

ट्रंप के 25 प्रतिशत टैरिफ और भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मृत' कहने पर भारत ने संयमित लेकिन स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों ने समय-समय पर कई बदलाव और चुनौतियों का सामना किया है और यह साझेदारी आज भी मजबूत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, 'भारत और अमेरिका के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसंपर्कों की मजबूत नींव पर टिकी है।' उन्होंने कहा कि भारत इस साझा एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भरोसा है कि द्विपक्षीय संबंध लगातार आगे बढ़ते रहेंगे।

ट्रंप के पाकिस्तान के साथ तेल समझौते की घोषणा पर विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी से इनकार किया। जायसवाल ने कहा, 'हम इस पर कुछ नहीं कहना चाहते।' ट्रंप ने कहा था, 'कौन जाने, शायद एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचेगा।'

भारत ने रूस से तेल खरीद के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह निर्णय वैश्विक परिस्थितियों और देश की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए सबसे बेहतर विकल्पों के आधार पर लिया गया है। हमारे संबंध किसी तीसरे देश की नजर से नहीं देखे जाने चाहिए।

### 50 देशों पर भारत से कम टैरिफ लगाया

अमेरिका ने विभिन्न देशों से आने वाले सामानों पर 10 से लेकर 41 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। इनमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत कई एशियाई देश भी शामिल हैं। पाकिस्तान पर केवल 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यह किसी भी दक्षिण एशियाई देश पर सबसे कम टैरिफ है। इससे पहले पाक पर 29 प्रतिशत टैरिफ की बात की थी। टैरिफ में जापान को भी बड़ी राहत मिली है। जापान पर अब 15 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जो पहले 25 प्रतिशत था। बांग्लादेश पर टैरिफ 35 से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। थाईलैंड पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जो पहले 36 प्रतिशत प्रस्तावित था। कंबोडिया को नाटकीय रूप से सबसे बड़ा फायदा हुआ है। उस पर पहले 49 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाना था, जो अब घटाकर केवल 19 प्रतिशत कर दिया गया है। अमेरिका ने अफगानिस्तान, फिजी, इजरायल, जॉर्डन, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण कोरिया, तुर्की और वानुअतु पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलीपींस पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगा है। 20 प्रतिशत टैरिफ में बांग्लादेश, श्रीलंका, ताइवान और वियतनाम शामिल हैं।

राहुल का आरोप, ईसी कर रहा वोट चोरी, कहा-

# चुनाव आयोग के खिलाफ 'एटम बम' की तरह सबूत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि निर्वाचन आयोग 'वोट चोरी' में शामिल है और वह यह सब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए कर रहा है। वहीं, चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का खंडन किया है।



राहुल गांधी ने दावा किया कि उनके पास जो सबूत हैं वो 'एटम बम' की तरह हैं, जिसके फटने के बाद आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। संसद परिसर में उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'मैंने बोला है कि वोट चोरी हो रही है। अब हमारे पास एकदम पुख्ता सबूत हैं कि निर्वाचन आयोग वोट चोरी में शामिल है। मैं हल्के-फुल्के अंदाज में नहीं बोल रहा हूं, मैं 100 प्रतिशत सबूत के साथ बोल रहा हूं। राहुल गांधी ने दावा किया, 'हम जैसे ही यह जारी करेंगे, पूरे देश को पता लग लग जाएगा कि आयोग वोट चोरी करा रहा है और यह भाजपा के लिए करा रहा है।' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था, 'हमें मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में संदेह था, लोकसभा चुनाव में संदेह था, बाद के विधानसभा चुनावों में वोटर जोड़े गए। इसके बाद हमने अपनी जांच शुरू की। इसमें छह महीने ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश



यह पहली बार नहीं है जब किसी संवैधानिक संस्था को धमकाया जा रहा है। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की बड़ी साजिश है। राहुल के इस मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष के कई नेता विरोध कर रहे हैं। वो लोग जब जीतते हैं तो सब चंगा है और जब हार जाते हैं तो चुनाव आयोग के सिर पर ठीकरा फोड़ देते हैं।

» किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### आरोप शर्मनाक और निराधार

राहुल गांधी के बयान पर चनुाव आयोग ने तीखी प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग ने उनके बयान को 'निराधार, गैर-जिम्मेदाराना और निंदनीय' करार देते हुए खारिज कर दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि 'हर दिन दिए जा रहे बेबुनियाद आरोपों और धमकियों' को नजरअंदाज करते हुए चुनाव अधिकारी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से काम करते रहें। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि राहुल को 12 जून को आमंत्रण भेजा गया था ताकि वे सबूत पेश करें, लेकिन उन्होंने न तो कोई दस्तावेज भेजा और न ही खुद उपस्थित हुए।

## बिहार में मतदाता सूची का पहला ड्राफ्ट जारी

चुनाव आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को वोटर लिस्ट का पहला ड्राफ्ट जारी कर दिया है। संशोधित ड्राफ्ट की कॉपी सभी दलों को भेजी गई है। बिहार के जिला निर्वाचन अधिकारियों ने 38 जिलों में रिवाइज्ड वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट की फिजिकल और डिजिटल कॉपी राजनीतिक दलों को सौंप दी है। चुनाव आयोग ने बताया कि दोपहर 3 बजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट अपलोड किया। सभी मतदाता अपना नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के जरिए चेक कर सकते हैं। अगर किसी का नाम कट जाता है तो वह चुनाव आयोग के पास आपत्ति दर्ज करवा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार के सभी मतदाता या राजनीतिक दल संशोधित वोटर लिस्ट में 1 अगस्त से 1 सितंबर तक अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है।

## ऑफ बीट

### थकान के कारण एआई को बनाया दूसरी मां

*जब से टेक्नोलॉजी में की उपयोगिता बढ़ी है, तब से ही लोगों की जिंदगी आसान हो गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आ जाने से लोगों की लाइफ में और भी सुधार होता जा रहा है। एक महिला ने इसका फायदा उठाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपने बच्चों की दूसरी मां घोषित कर दिया है। उसने तकनीक का गजब इस्तेमाल किया है। थकान और मानसिक बोझ से जूझ रही एक मां ने अनोखा रास्ता अपनाया है, उसने चैटजीपीटी को अपना सहायक 'को-पैरेंट' बना लिया है। 33 वर्षीय लिलियन शिमट, जो ज़्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड) की एक कॉर्पोरेट ब्रांड स्ट्रैटेजिस्ट हैं, बताती हैं कि वह थकावट भरी दिनचर्या से परेशान थीं।*

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति चुनावः नौ सितंबर को वोटिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के दस दिन बाद चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि इस पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 7 अगस्त को जारी होगी और नामांकन भरने की अंतिम तारीख 21 अगस्त है। नामांकन की जांच 22 अगस्त को होगी और मतदान व मतगणना 9 सितंबर को होगी। गुरुवार को चुनाव आयोग ने कहा था कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दे दिया गया है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से पद से इस्तीफा दिया था। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से बने निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। यह चुनाव प्रपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन सिस्टम और सिंगल ट्रांसफरेबल वोट पद्धति से होता है। इसमें वोटर उम्मीदवारों के नाम के सामने 1, 2, 3, 4, 5 जैसे नंबर लगाकर अपनी पसंद का क्रम बताते हैं। वोटिंग गुप्त मतपत्र के जरिए होती है।

### अनिल अंबानी की ईडी के समक्ष 5 को होगी पेशी

**मुंबई, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को कथित 17,000 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। उन्हें 5 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले केंद्रीय एजेंसी ने अनिल अंबानी से जुड़े व्यावसायिक संस्थानों पर छापेमारी की थी। पिछले हफ्ते, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रिलायंस समूह से जुड़ी 50 व्यावसायिक संस्थाओं और 25 व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. ये छापे मुंबई में कम से कम 35 जगहों पर मारे गए थे। यह छापेमारी 24 जुलाई को कथित बैंक लोन फ्रॉड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के अलावा कुछ कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमितताओं के कई अन्य आरोपों के तहत की गई थी। सीबीआई में दो एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने यह छापेमारी की थी।

इस सत्र में पहली बार सदन में पहुंचे मंत्री शाह

# सदन के भीतर विपक्ष का हंगामा, बाहर नारेबाजी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवे दिन की कार्यवाही हंगामेदार रही। विपक्ष मंत्री विजय शाह के इस्तीफे पर अड़ा रहा। शोर-शराबे के बीच विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस शुक्रवार को सदन में हमलावर रही। विधायकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विजय शाह का इस्तीफा लेने का आग्रह किया। इसका सत्ता पक्ष के विधायकों ने विरोध किया। इसके चलते स्पीकर को सदन की कार्यवाही पहले 10 मिनट और फिर एक बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।



सदन एक बार फिर से शुरू हुआ, तो कांग्रेसी अपनी मांग पर अड़े रहे और उन्होंने शाह के इस्तीफे की मांग की। जिससे विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार 4 अगस्त तक सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कांग्रेस विधायकों ने सदन के बाहर भी जमकर नारेबाजी की और सीएम से विजय शाह का इस्तीफा लेने का आग्रह किया।

मानसून सत्र के पांचवे दिन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई कांग्रेसी विधायकों ने मंत्री विजय शाह से इस्तीफे की मांग की। इस पर भाजपा विधायकों ने कहा कि मामला अदालत में है, इसलिए इस पर किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। शाह के बचाव में भाजपा के विधायक भी खड़े हो गए, जिससे दोनों पक्षों के बीच बहस होने शुरू हो गई। शोरगुल ज्यादा होते देख विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 7 पर

> इस मामले में कांग्रेस पूरी ताकत के साथ अपनी लड़ाई जारी रखेगी।
>
> » **उमंग सिंघार**, नेता प्रतिपक्ष

> यह मामला हमारी सेना से जुड़ा हुआ है और हमारी बहन का अपमान हुआ है। इसमें किसी भी स्थिति में विजय शाह को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है।
>
> » **हेमंत कटारे**, उपनेता प्रतिपक्ष

> जो पार्टी पाकिस्तान और चीन की भाषा बोलती है, जिसने हमेशा सेना का अपमान किया है, आज वह सेना की हितैषी बनने का नाटक कर रही है।
>
> » **कैलाश विजयवर्गीय**, संसदीय कार्यमंत्री

सपा की 'पीडीए पाठशाला' पर बढ़ा विवाद

# भदोही के बाद कानपुर में भी सपा नेता पर मामला दर्ज

**कानपुर, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला पर विवाद बढ़ता जा रहा है। भदोही के बाद अब कानपुर में भी सपा नेता रचना सिंह गौतम पर बिना अनुमति के पीडीए पाठशाला चलाने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। प्रशासन का कहना है कि बच्चों का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। यूपी में स्कूल मर्जर के विरोध में सपा की ओर से पीडीए पाठशाला चलाई जा रही है। इसी क्रम में कानपुर के बिल्हौर में सपा नेता रचना सिंह भी इस पाठशाला को चला रही थीं। इस मामले की डीएम और बीएसए की जांच में ये पाया गया कि ये पाठशाला बिना अनुमति के चलाई गई, जिसके बाद रचना सिंह के के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66 और अफवाह फैलाने सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# ऑनलाइन गेम फ्री फायर में हार के बाद नाबालिग ने लगाई फांसी

**जागरण, इंदौर।** शहर के एमआईजी थाना क्षेत्र के अनुराग नगर में रहने वाले एक 13 साल के नाबालिग बच्चे द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। घटना के बाद गमजदा परिजनों ने नाबालिग बच्चे की आंखें दान की हैं, ताकि अन्य कोई जरूरतमंद उनकी आंखों से दुनिया देख सके। ऑनलाइन गेम की लत के कारण नाबालिग बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं। इसी कड़ी में एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाले 13 वर्षीय अंकलन जैन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



### ऑनलाइन फ्री फायर गेम खेलता था बच्चा

मृतक के ताऊ आशीष जैन ने बताया कि बच्चा ऑनलाइन फ्री फायर गेम खेलता था जिसमें वह 2800 रुपए हार गया था। बच्चे की मम्मी का मोबाइल फोन पर डेबिट कार्ड अटैच था उसी से पैसे कटे थे। पैसे कटने और हार की डर के कारण उसने यह घातक कदम उठा लिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

# नीट यूजी - 2025: सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

प्रश्नों में त्रुटि मामले में हाईकोर्ट जाने की दी सलाह

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में तीन सवालों में गंभीर त्रुटियों के दावे को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय का रुख करने की सलाह दी है। यह मामला न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदूरकर की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि नीट यूजी 2025 के प्रश्नपत्र में पूछे गए तीन प्रश्न पूरी तरह से गलत थे और इससे उनके मुवक्किल को 13 अंक का नुकसान हुआ है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'मैंने इस मामले में दो विशेषज्ञों की राय ली है और दोनों ने मेरी बात से सहमति जताई है। उन्होंने प्रमाणित किया है कि ये तीनों प्रश्न गलत हैं।'

हालांकि, पीठ ने इस दलील पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'परीक्षा हो चुकी है, अब आप यह याचिका वापस लें और उच्च न्यायालय में जाएं। हम आपके लिए रास्ता बंद नहीं करना चाहते।'

वकील ने अदालत से यह अनुरोध भी किया कि सुप्रीम कोर्ट इन तीनों सवालों की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करे, जो तीन दिन के भीतर राय दे सके।

# यौन शोषण मामला: पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना दोषी करार

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु की विशेष अदालत ने शुक्रवार को जेडी(एस) के निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को एक घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी ठहराया। यह मामला उनके खिलाफ दर्ज चार यौन शोषण मामलों में से एक है। पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के पोते और पूर्व सांसद प्रज्ज्वल पर आरोप है कि उन्होंने अपने फार्म हाउस में अपनी पूर्व नौकरानी का बलात्कार किया और इस घटना का अश्लील वीडियो भी रिकॉर्ड किया। पीड़िता ने 28 अप्रैल 2024 को होलेनारसीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पिछले 14 महीनों से प्रज्वल बेंगलुरु सेंट्रल जेल में बंद हैं। सुनवाई 18 जुलाई को समाप्त हुई थी, और 30 जुलाई को फैसला सुरक्षित रखा गया था। अब अदालत शनिवार को सजा का ऐलान करेगी। गौरतलब है कि कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के अगले ही दिन, प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप सामने आए थे।

प्रवास

सीएम ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित कई मंत्रियों से की मुलाकात

# टेक्सटाइल उद्योगों को करेंगे प्रोत्साहित: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गत गुरुवार को दिल्ली प्रवास पर रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित दूसरे केन्द्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं से भेंट की, तो सीएम ने बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट को संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल उद्योगों को प्रोत्साहित करने होंगे हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समिट में कहा कि मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल और गारमेंट्स सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश में हैंडीक्राफ्ट्स और हैंडलूम के आर्टिजंस और छोटे-छोटे उद्योग उपलब्ध है। राज्य की चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों ने देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य में निवेश करने पर सरकार सभी नीतियों का पूर्ण लाभ प्रदान करेगी। राज्य सरकार ने कपास से धागा, कपड़ा और रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। न केवल देश बल्कि अन्य देशों की टेक्सटाइल इकाइयों से भी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बायर-सेलर के साथ चर्चा को आगे बढ़ाया है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योग प्रोत्साहक राज्य की छवि बनाते हुए सभी सेक्टर्स के उद्यमियों को आमंत्रित कर रहा है। सीएम ने कहा कि देश ऐसे ही नहीं बदलता है इसके लिए दृढ़ संकल्पों की आवश्यकता होती है। इन संकल्पों में नवीनता होती है। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने ईज ऑफ डूइंग के अंतर्गत 42 कानूनों को खत्म किया है, जो व्यापार में बाधा बनते थे। राज्य सरकार ने उद्योग शुरू करने के लिए जरूरी 29 अनुमतियों को भी कम करके 10 तक सीमित कर दिया है। प्रदेश में उद्योगपतियों को बिजली, पानी, जमीन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रमिकों के वेतन के लिए भी सहायता प्रदान की जा रही है। मेक इन इंडिया से प्रेरणा लेकर मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में औद्योगीकरण का वातावरण तैयार किया है। सरकार खनन, पर्यटन, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में नवाचारों के साथ आगे बढ़ रही है।मध्यप्रदेश में विद्युत, ऊर्जा और जल की पर्याप्त उपलब्धता है। भारत का दिल मध्यप्रदेश में बसता है और यह टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए नया केंद्र बन रहा है।



### पहली बार कोई सीएम अपेक्षाओं को सुन रहे : दत्ता

मुख्यमंत्री को राउंड टेबल मीटिंग के दौरान उद्योगपतियों ने आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं से अवगत कराया। बीएसएल के फाउंडिंग मेंबर एवं नेशनल जनरल सेक्रेटरी रमन दत्ता ने कहा कि पहली बार है कि मुख्यमंत्री उद्योगपतियों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री से समिट के दौरान वॉलमार्ट सोर्सिंग कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट नितिन प्रसाद, ली एंड फंग की सीओओ दीपिका राणा, जिवामे की सीईओ लावण्या पचीसिया, लक्ष्मीपति ग्रुप के निदेशक राकेश सरावगी, वाइल्डक्राफ्ट इंडिया के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर भूपिंदर सिंह, ईस्टमैन एक्सपोर्ट्स ग्लोबल के सीईओ रीतेश कुमार ने वन-टू-वन चर्चा की।

## पूर्व विधायक केपी भाजपा दफ्तर पहुंचे, दी सफाई

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचकर रीवा की महिला पुलिस अधिकारी को असंवेदनशील औरत कहने पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा था, इसलिए व्यथित होने पर ऐसे शब्द निकल गए। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उन्हें पक्ष रखने बुलाया था। श्री त्रिपाठी ने बताया कि सेमरिया के विधायक ने स्वीकार किया है कि उनके कर्मचारी के साथ मारपीट हुई है। विधायक के दो अलग-अलग बयान हैं। वो इन्हीं बयानों के आधार पर रीवा स्थित पुलिस स्टेशन पीड़ित को न्याय दिलाने पहुंचे थे। वहां मौजूद अधिकारी सही जवाब नहीं दे रहे थे। पीड़ित और उसका परिवार परेशान था,जिससे वह व्यथित हो गए और उन्होंने नगर पुलिस अधीक्षक को अंवेदनशील औरत कह दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने त्रिपाठी से कहा कि भाजपा की नीति रीति और विचारों में महिलाओं का सम्मान प्राथमिक है।

# तलाक की सुनवाई में नपुसंक कहना मानहानि नहीं: हाईकोर्ट

### याचिका में पति ने की थी मुकदमा चलाने की मांग

**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में सुनवाई करते हुए बड़ी टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि तलाक की कार्यवाही में पत्नी के लगाए गए 'नपुंसकता' के आरोप मानहानिकारक नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की अपनी अलग रह रही पत्नी के खिलाफ दायर शिकायत खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक मामलों में एक महिला द्वारा पति पर लगाए गए नपुंसकता के आरोप उस स्थिति में मानहानि नहीं माने जाते, जब वह अपने हितों की रक्षा के लिए ऐसे आरोप लगाती है। न्यायमूर्ति एस.एम. मोदक की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम याचिका में नपुंसकता के आरोप बहुत प्रासंगिक हैं।



अदालत ने याचिकाकर्ता की उस शिकायत को खारिज कर दिया जिसमें उसने अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार के खिलाफ मानहानि का मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि पत्नी द्वारा शुरू की गई तलाक की कार्यवाही में उसे नपुंसक करार दिया गया था। इस मामले में 17 जुलाई को दिए गए आदेश की प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने कहा कि महिला द्वारा ये आरोप लगाना उचित था ताकि यह दिखाया जा सके कि विवाह में उसके साथ क्रूरता हुई है। उसने कहा कि नपुंसकता के आरोप तलाक का आधार बन सकते हैं। अदालत ने कहा कि तलाक की कार्यवाही के दौरान पत्नी द्वारा ऐसे आरोप लगाए जाने को मानहानिकारक नहीं माना जा सकता है।

# अजय सिंह ने बढ़ौरा मंदिर में किया जलाभिषेक

जागरण अभिषेक



## हजारों भक्तों के साथ भोलेनाथ का किए जलाभिषेक

### कोलदह से सोनभद्र का जल लेकर बढ़ौरा यात्रा आयोजित





जागरण, सीधी

श्रावण मास में हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके व व्यवस्था के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना और अभिषेक करता है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया ने हजारों भक्तों व अपने स्वजनों के साथ शुक्रवार को दोपहर बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किए। श्रावण मास के पावन अवसर पर सीधी जिले के पवित्र धाम में भगवान भोलेनाथ बढौरानाथ का हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया की उपस्थिति में जलाभिषेक करने के लिए कोलदह से सोनभद्र का जल लेकर बढ़ौरा तक यात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर चुरहट विधानसभा सहित जिले भर और विंध्य क्षेत्र से आये कार्यकर्ताओं एवं भक्तजनों द्वारा बढौरानाथ धाम में देवाधिदेव महादेव का अभिषेक किया गया। कोलदहा सोन पुल पर अजय सिंह ने सोनभद्र की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद भक्तजन सोन नदी से जल भर पैदल बढ़ौरा धाम के लिए रवाना हुए। बढ़ौरा मंदिर पहुंच कर भगवान भोले बाबा को पवित्र जल अर्पित किया एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की। अजय सिंह के साथ बढ़ौरानाथ का अभिषेक और पूजा आरती की गई। अंत में सभी ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। समापन के बाद सिंह ने कहा मैं बचपन से ही शिव भक्त हूं। वे ही मेरे आराध्य हैं। उनकी भक्ति की प्रेरणा मुझे मेरे पिता स्व. अर्जुन सिंह दाऊ साहब से बचपन से ही प्राप्त हुई है। यात्रा में सुखेन्द्र सिंह बन्ना, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, ज्ञान सिंह, दिलीप मिश्रा, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, अरविन्द सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, धर्मेंद्र तिवारी बब्बूल, रामशंकर पटेल, राजभान सिंह, रोशनी उर्मलिया, प्रशांत सिंह सहित हजारों भक्त शामिल हुए।

### भक्ति गीतों के साथ कोलदहा से बढ़ौरा पहुंचे शिव भक्त

आज शुक्रवार की सुबह से कोलदहा में पुल के पास हजारों की संख्या में चुरहट विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव से शिव भक्त पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के जल अभिषेक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचने लगे थे। 11 बजे तक वहां शिव भक्तों का मेला लग गया था। रीवा, सतना, मैहर, मऊगंज आदि जिलों से चुरहट विधायक अजय सिंह के समर्थक भी बढ़ौरा जाने के लिए यात्रा में शामिल हुए। अजय सिंह सर्वप्रथम कोलदहा पहुंचकर सोन का जल लिया और जल लेकर शिव मंदिर बढ़ौरा के लिए गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन के साथ प्रस्थान किए। लगभग दोपहर 2 बजे हजारों शिव भक्तों के साथ बढ़ौरा पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किए।

# जेवरात सहित नकदी चोरी करने वाला शातिर चोर हुआ गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत एवं उनकी टीम द्वारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। दिनांक 30 जुलाई 2025 को फरियादी अनिल कुमार गुप्ता पिता गौरीशंकर गुप्ता निवासी उमरिहा ने चौकी खड्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 29 जुलाई 2025 की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी किराना दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह 30 जुलाई 2025 को करीब 7 बजे जब वह दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान की दीवार और खिड़की के नीचे सेंध लगी हुई थी। दुकान के अंदर रखी पेटी का लॉक टूटा था और उसमें रखे 18 हजार नकद अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए थे। प्रकरण दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही रामायण साहू पिता शिवनाथ साहू उम्र 31 वर्ष निवासी उमरिहा को अभिरक्षा में लेकर पूंछताछ की गई। पूंछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार किया तथा बताया कि उसने अपने दोस्त दीपू बैगा पिता राजकरण बैगा उम्र 20 वर्ष निवासी उमरिया के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। दोनों आरोपी 30 जुलाई की रात लोहे की सवरी से दीवार में सेंध लगाकर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दराज में रखी पेटी से 18,000 चोरी किए, जिसे दोनों ने बाद 9000-9000 आपस में बांट लिए।

# उचित मूल्य की दुकान से 156 क्विंटल गरीबों का राशन हुआ चोरी

## पुलिस को नहीं मिला चोरी का कोई सुराग

### गरीबों का अनाज हजम करने के लिए रच रहे हैं चोरी होने का स्वांग



जागरण, सीधी

जिले के थाना रामपुर नैकिन के अंतर्गत उचित मूल्य की चार दुकानों से 156 क्विंटल गरीबों का खाद्यान्न चोरी हो गया। जिसकी शिकायत विक्रेताओं के द्वारा थाना रामपुर नैकिन एवं पुलिस चौकी पिपरांव में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात उचित मूल्य की दुकान नैकिन से 81 क्विंटल अनाज जिसमें 46 क्विंटल गेंहू, 55 क्विंटल चावल चोरी हो गया तो वहीं विगत दिनों उचित मूल्य की दुकान झलवार में 59 क्विंटल, उचित मूल्य की दुकान मल्देवा में 13 क्विंटल, उचित मूल्य की दुकान गड़हरा में 3 क्विंटल खाद्यान्न चोरी होने की बात सामने आ रही है। उचित मूल्य की दुकान नैकिन में चौकीदार की लापरवाही से खाद्यान्न चोरी होने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि रात में ताला तोड़कर चोर खाद्यान्न चोरी कर ले गए। जबकि दुकान के आसपास कहीं भी खाद्यान्न गिरा हुआ नहीं पाया गया। पुलिस को खाद्यान्न चोरी होने का कोई सुराग नहीं मिला। इसी तरह उचित मूल्य की दुकान झलवार, गड़हरा, मल्देवा में पुलिस को खाद्यान्न चोरी होने का कोई सुराग हांथ नहीं लगा। विक्रेता भी अभी तक खाद्यान्न चोरी होने का कोई सुराग पता नहीं लगा पाए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त विक्रेताओं द्वारा सोची-समझी रणनीति के तहत जानबूझकर रात के अंधेरे में गरीबों के खाद्यान्नों को गायब कर दिया और अब खाद्यान्न चोरी होने का स्वांग रच रहे हैं। यदि कोई चोर रात में ताला तोड़कर चोरी करता है तो वह जल्दीबाजी में कुछ न कुछ गलती कर बैठता है। अनाज की बोरियों को किसी गाड़ी में लोड करने में घंटों समय लगता है और जहां लोड करते हैं वहां बोरे से कुछ न कुछ अनाज जरूर गिर जाता है। उचित मूल्य की दुकान नैकिन की दुकान रोड़ के किनारे है। वहीं नजदीक में रेलवे का काम चलता है। रात भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन किसी ने भी 81 क्विंटल खाद्यान्न यानी 162 बोरी अनाज किसी बड़े वाहन में लोड करके चोरी किया गया होगा। लेकिन सवाल यह उठता है कि 162 बोरी खाद्यान्न वाहन में लोड करने के दौरान कई घंटे लगे होंगे। रास्ते से लोगों का आना-जाना भी रहा होगा लेकिन किसी ने खाद्यान्न चोरी होते नहीं देखा।

### चोरी गए खाद्यान्न का विवरण

| नैकिन | झलवार |
|---|---|
| 81 क्विंटल | 59 क्विंटल |
| मल्देवा | गड़हरा |
| 13 क्विंटल | 03 क्विंलट |

## जमीनी विवाद से त्रस्त नानक पैदल निकले हाईकोर्ट



**जागरण, सीधी।** शहर के सर्राफा व्यवसायी नानक राम सोनी जमीनी विवाद से त्रस्त होकर पैदल ही हाईकोर्ट जबलपुर इंसाफ मांगने के लिए यात्रा में निकल चुके हैं। चर्चा के दौरान नानक राम सोनी ने बताया कि अभी बुधवार शाम करीब 7 बजे वह बढ़ौरा शिव मंदिर में माथा टेककर न्याय मांगने के लिए हाईकोर्ट जबलपुर की पैदल यात्रा में रवाना हुए। आज दोपहर करीब 4 बजे वह सतना जिले के बेला के समीप पहुंच चुके हैं। वह पैदल ही हाईकोर्ट जबलपुर जाएंगे। अपनी जमीनी विवाद की समस्या के संबंध में नानक ने बताया कि वर्ष 2014 में उनके द्वारा अपने मित्र कोमलचंद के साथ संयुक्त में अमहा सीधी में राजेन्द्र साहू से भूमि की खरीदी किए थे। रजिस्ट्री समेत करीब 38 लाख रुपए लगा था। 75 ढिस्मिल जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद उसका कब्जा नहीं मिल पा रहा है। नानक ने बताया कि जमीन विक्रेता राजेन्द्र साहू का भूमि को लेकर विवाद उसकी बुआ एवं भाइयों से चल रहा है। उनके विवाद में उसके द्वारा खरीदी गई लाखों की जमीन भी फंसी हुई है और उसे इंसाफ नहीं मिल पा रहा है, जबकि वह एक व्यवसायी है और लाखों की राशि देने के बाद खरीदी गई भूमि में कब्जा चाहिए। जिला मुख्यालय में संबंधित अधिकारियों के पास सालों से भटकने के बाद भी जब उसकी समस्या दूर नहीं हुई। वर्तमान में करीब दो वर्ष से यह मामला हाईकोर्ट जबलपुर में विचाराधीन है। वह अब पैदल ही न्याय पाने के लिए जबलपुर हाईकोर्ट की यात्रा में निकल चुका है।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का हुआ आयोजन

**जागरण, सीधी।** जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला अस्पताल सीधी में इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी, डॉ. प्रभा तिवारी, डॉ. आरबी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला, जिला कम्युनिटी मोबाइलजर, नरेंद्र पटेल एवं अन्य चिकित्सक स्टाफ तथा नूरा हेल्थ से संभागीय समन्वयक दीपक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर द्वारा रंगोली बनाकर प्रदर्शनी लगाई और वार्ड में उपस्थित महिलाओं को बच्चों सहित बुलाकर परामर्शदाता मनोरमा त्रिपाठी के द्वारा स्तनपान के तरीके और काउंसलिंग की गई।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# ज्यादा टैरिफ लगाने से बिगड़ेंगे आपसी संबंध

**एक बार फिर अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर तलवार खिंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को तंज के साथ यह घोषणा कर दी कि उनका मित्र भारत 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करेगा।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हमेशा से यह लगता है कि अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में ज्यादा लाभ होना चाहिए। वह भारत को मित्र बताते हैं, पर तुलना करते हुए कहते हैं कि अमेरिका जितने उत्पाद भारत को निर्यात कर सकता है, उतना वह नहीं कर पा रहा है। उन्हें यह शिकायत रही है कि भारत के टैरिफ बहुत ज्यादा हैं और भारत वैश्विक व्यापार में सबसे कठोर नीतियों का पालन करता है। ट्रंप की यह शिकायत या दलील सही नहीं है। ट्रंप को भारत की स्थिति की कोई परवाह नहीं है। अफसोस, वह भारत को मित्र बताते हैं, पर उन्हें भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है, तभी तो वह 1 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ के साथ ही जुर्माना भी लगाएंगे। क्या ट्रंप का यह फैसला या दावा सही है? क्या इसमें अब बदलाव की कोई गुंजाइश है? क्या ज्यादा टैरिफ से दोनों देशों की मित्रता पर ज्यादा असर पड़ेगा? अभी ऐसे अनेक अभियान और समझौते हैं, जिनकी रोशनी में दोनों देश मित्रता के सफर पर निकले हुए हैं। निसार सैटेलाइट भी अमेरिका और भारत की जोड़ी या समन्वय का ही फल है। क्या भारी टैरिफ के बावजूद दोनों देशों के संबंधों पर असर नहीं पड़ेगा? विशेषज्ञ भी मान रहे हैं कि असर पड़ेगा। ट्रंप ने पारंपरिक माध्यम से नहीं, बल्कि ट्रुथ नामक सोशल मंच से यह सूचना जारी की है, आधिकारिक रूप से जब घोषणाएं स्पष्ट होंगी, उसके बाद ही गंभीर विवेचनाओं का दौर शुरू होगा। आने वाले दिनों में यह देखा जाएगा कि अमेरिका और भारत के बीच सीमा शुल्क समझौता किन आधारों पर हुआ।

ट्रंप ने तो कभी इस बात को नहीं छिपाया कि उन्हें भारत और रूस की दोस्ती पसंद नहीं है। वैसे, यह दोस्ती पहले भी अमेरिका को पसंद नहीं थी। जो लोग वैश्विक राजनय को जानते हैं, उन्हें यह विडंबना ठीक से पता है कि अमेरिका हमेशा आर्थिक-सामरिक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा है, लेकिन तब भी ट्रंप भारत को मित्र बताते रहते हैं। ध्यान देने की बात है कि अमेरिका ने अप्रैल में भारतीय वस्तुओं पर 27 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की थी। अब अगर नई घोषणा लागू हुई और जुर्माना भी लागू हुआ, तो टैरिफ दर 27 से ऊपर ही रहेगी। अतः भारतीय उद्यमियों को पूरी तैयारी रखनी चाहिए। भारत अपने किसानों, दुग्ध-उत्पादकों का अहित नहीं कर सकता। कृषि और डेयरी पर अमेरिका को मित्रवत संवेदना के साथ सोचना चाहिए। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए।

# अमेरिका में टी-शर्ट और जूते का उत्पादन शुरू होने के आसार

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

मिहिर एस शर्मा




**ट्रंप की शुल्क योजनाओं ने जूते और कपड़े के कारोबार पर बहुत असर डाला है। शुल्क से क्या कपड़ा या परिधान उत्पादन का काम वापस अमेरिका लाया जा सकता है? अगर आयात की जगह अमेरिका में निर्माण शुरू हुआ तो उपभोक्ताओं को अतिरिक्त कीमत चुकानी होगी। बड़े पैमाने पर विनिर्माण में वृद्धि हासिल करने में मुश्किल होगी।**

अब यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप वास्तव में यही मानते हैं कि उच्च आधार शुल्क उनके देश की कामयाबी के लिए आवश्यक है। हालांकि वे शायद उस ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाएंगे जिसकी धमकी उन्होंने अप्रैल के आरंभ में अपने चर्चित संवाददाता सम्मेलन में दी थी और एक चार्ट दिखाते हुए अतार्किक रूप से ऊंची शुल्क दरों की बात कही थी। उन धमकियों का बहुत मामूली हिस्सा ही प्रभावी हो पाया। परंतु येल बजट लैब का आकलन है कि अमेरिकी उपभोक्ता अब 20 फीसदी के समग्र प्रभावी टैरिफ दर का सामना कर रहे हैं। यह एक सदी का सबसे ऊंचा स्तर है।

अगले एक-दो साल में यह बदल जाएगा। ट्रंप द्वारा व्यापार समझौतों पर बातचीत के लिए दी गई विभिन्न समय सीमाएं समाप्त होने के बाद देशों पर अतिरिक्त शुल्क अंतिम रूप से लागू होने के बाद इसमें वृद्धि होगी। साथ ही कुछ देशों को छूट मिलेगी और उपभोक्ता उच्च शुल्क वाले आयात से दूर हो जाएंगे तो इसमें कमी आएगी।

कुछ रुझान पहले ही अमेरिका के भीतर सापेक्षिक कीमतों में नजर आने लगे हैं। कुल कीमतों का स्तर जहां उम्मीद के मुताबिक बहुत नहीं बढ़ा है वहीं उपभोक्ताओं को कुछ वस्तुओं के लिए 40 फीसदी तक अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। इनमें जूते और कपड़े भी शामिल हैं। ये आम तौर पर अमेरिका के बाहर विकासशील देशों में बनते हैं और ट्रंप की शुल्क योजनाओं ने इस पर बहुत असर डाला है।

यह ध्यान देने वाली बात है कि अधिकांश विकासशील देशों ने ट्रंप की शुल्क संबंधी धमकी को लेकर बातचीत करने की कोशिश की लेकिन उनको सीमित कामयाबी मिली। उदाहरण के लिए फिलिपींस को अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात के मामले में 19 फीसदी की आधार दर पर सहमत होना पड़ा, जबकि फिलीपींस आने वाली अमेरिकी वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इंडोनेशिया ने भी ऐसे ही पैकेज पर सहमति दी है। कई देशों खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों ने भी शायद आकलन के साथ जोखिम उठाया हो। उनकी जरूरत है अमेरिका को होने वाले अपने निर्यात राजस्व को बचाना। शायद उनको यह अंदेशा है कि अगर उन पर भी समान शुल्क दरें लागू होती हैं तो यह राजस्व कम तो हो सकता है, लेकिन समाप्त नहीं। वे यह मान सकते हैं कि शुल्क लागू होने के बाद उनके निर्यात को घरेलू अमेरिकी उत्पादकों या कम कर दर पर सफलतापूर्वक बातचीत करने वाले अन्य देशों से किसी प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि इनमें विकासशील अर्थव्यवस्थाएं बहुत कम होंगी क्योंकि कम दरें ज्यादातर उन अमीर देशों पर लागू होती हैं जिनका अमेरिका के साथ व्यापार घाटा है। उदाहरण के लिए ग्रेट ब्रिटेन। ऐसे हालात में उन्हें उच्च घरेलू कीमतों के कारण अमेरिकी मांग में कमी का सामना करना पड़ता है, लेकिन वे बाजार में अपनी हिस्सेदारी पूरी तरह नहीं खोएंगे।

एक क्षण के लिए उच्च शुल्क से जुड़ी नैतिकताओं और अर्थशास्त्र को एक तरफ रख देते हैं। उन देशों को दंडित करना अनुचित हो सकता है जिन्होंने अमेरिकी बाजार के साथ सबसे प्रभावी ढंग से तालमेल बनाया है और इस वजह से व्यापार घाटा हो रहा है। यह उम्मीद करना सही नहीं होगा कि एक गरीब देश, अमीर देश के साथ व्यापार घाटा उठाए। इसके बजाय आइए उस मूल धारणा पर ध्यान केंद्रित करें कि जो कुछ विकासशील देश निर्मित कर रहे हैं। वे अपने निर्यात राजस्व को कुछ हद तक सुरक्षित रख पाएंगे जब तक कि उनके उभरती अर्थव्यवस्था वाले समकक्षों को ज्यादा बेहतर सौदे नहीं मिलते। क्या यह धारणा सही है? उदाहरण के लिए क्या जूतों और कपडों का विनिर्माण जिनकी कीमतों में भारी उछाल आई है, वापस अमेरिका में स्थानांतरित हो जाएगा? कई और सवाल भी हैं। पहला, क्या यह ट्रंप प्रशासन का इरादा है, क्या ऐसा संभव भी है? तीसरा, अगर यह संभव है तो क्या यह अच्छी बात है?

पहला सवाल जो इरादे के बारे में है, दुर्भाग्य से उसका कोई उत्तर नहीं है। व्यापार नीति को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर व्यापक मतभेद दिखता है। वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो की तरह कई लोग उच्च शुल्क दर पर यकीन करते हैं। परंतु जो लोग थोड़े नरम भी हैं, मसलन वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक जैसे लोग भी अतीत में कह चुके हैं कि टीशर्ट, स्नीकर्स और टॉवेल आदि एक बार फिर अमेरिका में बनने लगेंगे। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप स्वयं कह चुके हैं, 'हम स्नीकर्स और टीशर्ट बनाने नहीं जा रहे हैं। हम सैन्य उपकरण बनाना चाहते हैं। हम बड़ी चीजें बनाना चाहते हैं, चिप व कंप्यूटर और टैंक व युद्धपोत बनाना चाहते हैं।' अगर ऐसा है तो यह स्पष्ट नहीं है कि वस्त्रों पर क्या टैरिफ लागू किया जाएगा।

दूसरा सवाल, क्या कपड़ा या परिधान उत्पादन का काम वापस अमेरिका लाया जा सकता है। यकीनन कुछ कम मार्जिन वाली चीजों की वापसी संभव है। टीशर्ट का ही उदाहरण लें तो इसमें बहुत कम अमेरिकी विनिर्माता हैं। अगर आयात की जगह अमेरिका में निर्माण शुरू हुआ तो उपभोक्ताओं को अतिरिक्त कीमत चुकानी होगी। प्रति यूनिट कम से कम 8 डॉलर की अतिरिक्त लागत आएगी। यह बुनियादी लागत में उल्लेखनीय वृद्धि है जिसे वहन करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा बड़े पैमाने पर विनिर्माण में वृद्धि हासिल करने में मुश्किल होगी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था को कम वेतन वाले श्रमिकों की आपूर्ति में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही बाहरी कपड़ों और उत्कृष्ट जूतों जैसे स्तरीय उत्पादों में भी अड़चन आएगी जहां अमेरिका के पास आवश्यक सिलाई की क्षमता नहीं भी हो सकती है।

अगर मान लिया जाए कि इन बाधाओं को दूर कर लिया जाता है तो क्या यह अच्छी बात होगी? ये कोई बहुत अच्छे रोजगार नहीं हैं। अर्थशास्त्री पॉल क्रूगमैन ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी सरकार दरअसल 'स्वेटशॉप्स' को दोबारा महान बनाना चाहती है। उनका इशारा मेहनती कामकाज की ओर था। इस चेतावनी में दम है। निश्चित तौर पर जूता और वस्त्र उद्योग के अमेरिका से बाहर जाने पर देश के कुछ हिस्सों पर असर पड़ा। 20वीं सदी के अंत में ये रोजगार कुछ कस्बों के आसपास सीमित थे। हालांकि वे पहले ही न्यूयॉर्क जैसे शहरों से बाहर जा चुके थे। एक समय ऐसा भी था जबकि वहां वस्त्र उद्योग में करीब 5 लाख लोग काम करते थे। परंतु जरूरी नहीं कि उन कस्बों के युवा वही काम करना चाहें जो उनके दादा-परदादा करते थे। न ही इन युवाओं को कम मूल्य वर्धन वाली नौकरियों में धकेलना, उनकी वेतन वृद्धि या अमेरिका की वृहद उत्पादकता के नजरिये से अच्छी बात होगी। तो इंडोनेशिया और अन्य देश अपनी बाजी हार सकते हैं। कुछ कम मार्जिन वाले क्षेत्र अमेरिकी उत्पादन को कुछ हद तक बढ़ा सकते हैं। परंतु मुझे संदेह है कि अमेरिकी उपभोक्ता या कर्मचारी इस कामयाबी से प्रसन्न होंगे।

# मालेगांव ब्लास्ट- एटीएस के आरोप से अदालत के फैसले तक

बहुप्रतीक्षित फैसला

रजनीश आनंद



**'हिंदू आतंकवाद' शब्द को चर्चा में लाने वाला 2008 का मालेगांव ब्लास्ट आज एक बार फिर चर्चा में है। घटना के लगभग 17 साल बाद कोर्ट ने सभी 7 आरोपियों को बरी किया है। इस ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत हुई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। अब ओवैसी जैसे नेता कोर्ट के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर उन छह लोगों को मारा किसने?**

मालेगांव ब्लास्ट मामले में मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जो आरोप इनपर लगाए गए हैं, उसे साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। मालेगांव ब्लास्ट भारत के सबसे चर्चित आतंकवादी घटनाओं में से एक है। केस की मुख्य आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित और समीर कुलकर्णी लगभग 9-9 साल जेल में रहे, जबकि अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तारी के बाद जेल में अच्छा-खासा समय गुजारना पड़ा था। यह घटना आज से 17 साल पहले महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुई थी। इस विस्फोट में एक फ्रीडम बाइक का इस्तेमाल किया गया था, विस्फोट के बाद 6 लोगों की मौत हो गई थी और सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। मालेगांव विस्फोट मामले में जो नाम सबसे चर्चित है वह साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का है, जो बीजेपी की भोपाल से सांसद रह चुकी हैं। इस विस्फोट के बाद एक नया शब्द प्रचलन में आया था 'हिंदू आतंकवाद'।

**मालेगांव ब्लास्ट में क्या हुआ था?** : नासिक जिले के मालेगांव में यह विस्फोट हुआ था। तारीख थी 29 सितंबर 2008, उस वक्त रात के नौ बज रहे थे, चूंकि रमजान का महीना था और इफ्तार की वजह से सड़क पर भीड़ बहुत ज्यादा थी। मालेगांव के भिकू चौक इलाके में यह विस्फोट हुआ था, जहां अधिकतर आबादी मुस्लिम है। विस्फोट के लिए एक फ्रीडम बाइक का इस्तेमाल किया गया था जो भीड़भाड़ वाले इलाके में खड़ी थी। विस्फोट से बाइक फट गया और आसपास मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए। जिनमें स्थानीय दुकानदार और राहगीर शामिल थे। चूंकि यह विस्फोट रमजान के महीने में मुस्लिम इलाके में हुआ था, इसलिए जांच एजेंसियों ने इसे सांप्रदायिकता से प्रेरित आतंकी हमला बताया था।

**एटीएस ने शुरू की थी जांच** : विस्फोट के बाद इसकी गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच एटीएस को सौंप दी गई थी। एटीएस के प्रमुख उस वक्त हेमंत करकरे थे। एटीएस ने जांच के दौरान कई लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का नाम सबसे ऊपर है। मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तार इसलिए हुई थी क्योंकि जिस बाइक में विस्फोटक रखा गया था उसका रजिस्ट्रेशन उनके नाम पर था। बाद में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत पुरोहित की भी गिरफ्तारी हुई, उनपर विस्फोटक का इंतजाम करने का आरोप लगा। जनवरी 2009 में एटीएस ने अपनी पहली चार्जशीट दायर की, जिसमें 11 आरोपियों और तीन वांछित व्यक्तियों के नाम थे, जिसमें साध्वी प्रज्ञा और लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया था। इस केस मे यूएपीए, आईपीसी और महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) के तहत केस दर्ज किया गया। हालांकि बाद में 31 जुलाई 2009 को, एक विशेष अदालत ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए मकोका के आरोप हटा दिए थे। एटीएस का दावा था कि यह विस्फोट हिंदू आतंकवाद का परिणाम है, जिसमें मुसलमानों को टारगेट किया गया है। 19 जुलाई 2010 को मुंबई हाई कोर्ट ने मकोका के आरोपों को फिर से बहाल कर दिया और उसके बाद 13 अप्रैल 2011 को मालेगांव विस्फोट केस राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को स्थानांतरित कर दिया गया। एनआईए ने जब जांच की शुरुआत की तो उसने पाया कि कुछ सबूत तो सही हैं, लेकिन कुछ आरोप सही नहीं हैं।आरोपियों को अभिनव भारत नाम के संगठन से जुड़ा बताया गया था। एनआईए ने अपनी जांच में मकोका के आरोपों को हटा दिया और यह कहा कि एटीएस ने अपनी जांच में कुछ आरोपों को गढ़ा है दबाव बनाकर कबूलनामा करवाया है। इसके बाद जांच जारी रही। इस ममाले के मुख्य आरोपी थे- साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित, अजय राहिरकर, रमेश उपाध्याय, सुधाकर द्विवेदी, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी

**एनआईए ने साध्वी को दी क्लीनचिट** : एनआईए ने 2016 में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को क्लीनचिट दे दी और कोर्ट से यह सिफारिश की कि उनपर से चार्ज हटा दिया जाए, लेकिन कोर्ट ने चार्ज हटाने से इनकार किया और मामले की सुनवाई जारी रही। उसके बाद कोर्ट ने यूएपीए को भी हटा दिया। 2017 में स्वास्थ्य कारणों से प्रज्ञा सिंह ठाकुर को जमानत मिल गई और बाकी आरोपियों को भी धीरे-धीरे जमानत पर छोड़ दिया गया, लेकिन जांच जारी रही। इसी बीच 2019 के लोकसभा चुनाव में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बीजेपी ने टिकट दिया और उन्होंने भोपाल से चुनाव लड़ा और दिग्विजय सिंह को परास्त किया।

**हिंदू आतंकवाद शब्द का जन्म हुआ** : मालेगांव विस्फोट के बाद एक नए शब्द का जन्म हुआ, जिसे 'हिंदू आतंकवाद' का नाम दिया गया। इस शब्द का प्रयोग पहली बार 2008 में गृहमंत्री पी चिदंबरम ने किया था। उनके बाद दिग्विजय सिंह ने 'भगवा आतंकवाद' शब्द का प्रयोग किया। इस संबोधन पर बीजेपी ने कड़ी आपत्ति जताई। इस शब्द के प्रयोग को मालेगांव विस्फोट, समझौता एक्सप्रेस, अजमेर शरीफ धमाका से जोड़कर देखा जाता है।

प्रसंगवश

# बड़े भूकंपों से निपटने की तैयारी में अभी भी पीछे

**बुधवार की सुबह रूस में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने उन तमाम देशों में खौफ पैदा कर दिया है, जहां अक्सर जलजले आते रहते हैं। तीव्रता के लिहाज से यह शीर्ष दस भूकंपों में एक था। हालांकि सुनामी से बचाव की पूरी व्यवस्था हमारे पास है, मगर क्या भूकंप के मामले में भी हम यह कह सकते हैं?**

बुधवार की सुबह रूस में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने उन तमाम देशों में खौफ पैदा कर दिया है, जहां अक्सर जलजले आते रहते हैं। तीव्रता के लिहाज से यह शीर्ष दस भूकंपों में एक था। इससे उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में सुनामी की तेज लहरें उठीं, जिनके कारण जापान, अलास्का, हवाई, न्यूजीलैंड तक को चेतावनी जारी करनी पड़ी और लाखों लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर भेजना पड़ा। हालांकि 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा होने के कारण यह इलाका भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में एक है, पर 8.8 की तीव्रता ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। इसने 2004 की उस सुनामी की याद ताजा कर दी, जिसने 14 देशों में 2.27 लाख लोगों की जान ले ली थी। भारत में भी तब हजारों जिंदगियां हिंद महासागर की तेज लहरों में समा गई थीं। जिस तरह अभी प्रशांत महासागर में फॉल्टलाइन टूटी है, उस वक्त हिंद महासागर में भी ऐसा ही हुआ था। नतीजतन, पानी की ऊंची लहरें उठने लगीं। दरअसल, सुनामी इसलिए पैदा होती है, क्योंकि समुद्र में भूकंप आने के कारण पानी धरती में समाता है और फिर समान ताकत से ऊपर की ओर उठता है।

सवाल है कि 2004 की सुनामी से हमने क्या सीखा? असल में, जब यह आपदा आई थी, तब हम एक तरह से इससे अनभिज्ञ थे। यहां तक कि धरती में जल समाने के कारण जब चेन्नई में समुद्र तट पर पानी तेजी से घटा, तो लोग उत्सुकतावश यह देखने के लिए रुके रहे कि कहीं सागर सूख तो नहीं रहा! चेन्नई के मछुआरों ने भी बाद में कहा कि उन्होंने कभी पानी का ऐसा सैलाब नहीं देखा था। चूंकि हमारे पास समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली नहीं थी, तो हमें सुनामी से बचने का जरूरी वक्त भी नहीं मिल सका था। उस वक्त पोर्ट ब्लेयर से जरूर यह खबर दी गई थी कि पानी का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन जब तक हालात समझे जाते, समय निकल चुका था और सुनामी चेन्नई तक पहुंच चुकी थी। मगर अब हमने चेतावनी प्रणाली का वैश्विक स्तर का नेटवर्क बना लिया है। हैदराबाद में इससे संबंधित केंद्र स्थापित है। तमाम देशों के साथ समझौता भी किया जा चुका है। यानी, सुनामी से बचाव की पूरी व्यवस्था हमने कर ली है। मगर क्या भूकंप के मामले में भी हम यह कह सकते हैं? निस्संदेह, हमने अपनी निगरानी व्यवस्था बेहतर बना ली है और चंद मिनटों में यह बता पाने में अब हम सक्षम हैं कि भूकंप का केंद्र आखिर था कहां? इतना ही नहीं, 2004 में आपदा प्रबंधन अधिनियम पारित करके पहली बार 'प्री-डिजास्टर मैनेजमेंट' यानी आपदा जोखिम पर ध्यान दिया। इस अधिनियम में भूकंप से होने वाले नुकसान से बचने के लिए पूर्व-तैयारी, यानी शमन पर जोर दिया गया है। इसमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत बताई गई कि इमारतों को भूकंपरोधी बनाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि इमारतें ही जान लेती हैं, भूकंप नहीं। भूकंप से बचने के लिए जरूरी है कि भवन-निर्माण में कुछ खास सावधानियां बरती जाएं। देश के तमाम शहरों को भूकंप के लिहाज से सूक्ष्म रूप से वर्गीकृत करने की जरूरत है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए यह अध्ययन साल 2014 में पूरा किया जा चुका है। इसी प्रकार का अध्ययन करीब 600 शहरों के लिए भी करने की योजना थी। मगर इस पर काम आगे नहीं बढ़ सका। हमें अब आपदा में इंसानी जान गंवाने के प्रति भी 'शून्य सहिष्णुता' अपनानी होगी। इसके लिए जिस रास्ते की जरूरत है, वह हमें पता है। बस, उस पर मजबूती से कदम बढ़ाने की दरकार है।

**- अतींद्र कुमार शुक्ला**
**भूकंप विज्ञानी**

॥गीता॥



**श्लोक**

**येषामर्थे काङ्क्षितं नो राज्यं**
**भोगाः सुखानि च।**
**त इमेऽवस्थिता युद्धे**
**प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च॥**

**भावार्थ**

हमें जिनके लिए राज्य, भोग और सुखादि अभीष्ट हैं, वे ही ये सब धन और जीवन की आशा को त्यागकर युद्ध में खड़े हैं।

जीवन दर्शन

# शिक्षा वही जो आत्मा की ऊर्जा जगाने में मदद करे



शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं, बल्कि वह आत्मविश्वास जगाती है। यही आत्मविश्वास मनुष्य के भीतर छिपे उस ब्रह्मभाव को जाग्रत करता है जो उसे स्वाभिमानी और सृजनशील बनाता है। न्यूयॉर्क में मैंने आयरलैंड से आए उपनिवेश वासियों को देखा। वे अत्यंत दरिद्र, भयभीत, निरीह और निराश दिख रहे थे। उनकी आंखों में एक अनजाना-सा डर और चाल में शिथिलता देखी। पर मात्र छह महीनों में ही उनका रूप बदलने लगा। वे तनकर चलने लगे, उनके चेहरे पर आत्मबल की झलक थी। ऐसा चमत्कार क्यों और कैसे हुआ? अमेरिका की भूमि ने उन्हें विश्वास दिलाया- 'तुम भी मनुष्य हो, और मनुष्य में सब कुछ करने की शक्ति है।' यह विश्वास ही उन्हें जागृत कर गया। जैसे अदृश्य शक्ति ने कहा हो- 'उत्तिष्ठत, जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधत'। यानी उठो, जागो और श्रेष्ठ ज्ञानियों के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो। इसके विपरीत, हमारे देश में बच्चों को जो शिक्षा दी जाती है, वह नकारात्मक है। उसमें आत्मा को जगानेवाली कोई सकारात्मक ऊर्जा नहीं। उन्हें बताया जाता है कि वे कुछ नहीं कर सकते, उनका गौरवशाली अतीत दबा दिया गया है। उन्हें न तो अपने शरीर का सही उपयोग सिखाया गया, न मस्तिष्क का स्वतंत्र प्रयोग। फलस्वरूप, पचास वर्षों की शिक्षा के बाद भी कोई मौलिक विचारक इस व्यवस्था से नहीं निकला। यह शिक्षा, 'मनुष्य' नहीं, 'मुंशी' बनाती है। आज भी हमारे सामने शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना, वकील या डिप्टी मैजिस्ट्रेट बन जाना ही रह गया है। यह शिक्षा देश और समाज को क्या दे रही है? क्या इसी शिक्षा से भारत फिर से आत्मनिर्भर और आत्मगौरव से भर सकता है? जानकारी शिक्षा नहीं है। शिक्षा वही है, जो जीवन, चरित्र और 'मनुष्य' का निर्माण करे। यदि कोई केवल पांच सच्चे विचारों को आत्मसात कर, उन्हें जीवन में उतार ले, तो वह हजार पुस्तकों को रटनेवाले से कहीं अधिक शिक्षित है। सच्ची शिक्षा वही है, जो व्यक्ति को अपने आत्मबल, आत्मगौरव और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराए।

भारत को फिर से उन्नत और आत्मनिर्भर बनाना है, तो ऐसी ही 'मनुष्य' बनानेवाली शिक्षा की आवश्यकता है। शिक्षा जो जाग्रति दे, प्रेरणा दे और निर्माण करे। हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो चरित्र निर्माण करे, आत्मनिर्भर बनाए, साहस, करुणा और इच्छाशक्ति विकसित करे। 'मनुष्य' बनानेवाली शिक्षा ही राष्ट्र और समाज की सच्ची आवश्यकता है।

**- स्वामी विवेकानंद ('शिक्षा' पुस्तक से)**

## संक्षिप्त खबरें

### मां का दूध बच्चों के लिए अमृत है : मंत्री भूरिया

**विसं, भोपाल।** विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। एक अगस्त से प्रारंभ हो रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और सभी नागरिकों का आह्वान किया कि बच्चे को जन्म के पहले घंटे में मां का दूध और छह माह तक केवल मां का दूध देना अत्यंत आवश्यक है। इस संदेश को घर-घर, गांव-गांव पहुंचाएं और माताओं को सही समय पर सही जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाएं। मंत्री भूरिया ने कहा कि मां का दूध नवजात के लिए अमृत है। उन्होंने कहा कि स्तनपान नवजात शिशु के जीवन की सुरक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की पहली एवं सबसे महत्वपूर्ण नींव है। पहला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु को न केवल संक्रमण से बचाता है बल्कि उसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करता है। साथ ही मां और शिशु के बीच पहले रिश्ते को भी सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने चिंता जताई कि आज भी कई क्षेत्रों में परंपरागत भ्रांतियों के कारण नवजात को शहद, घुट्टी या पानी दिया जाता है, जो बच्चों की सेहत के लिए हानिकारक है।

### मालेगांव का फैसला कांग्रेस पर प्रहार है

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मालेगांव धमाके को लेकर आए अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मालेगांव प्रकरण में आरोपियों का निर्दोष होना कांग्रेस की संकुचित मानसिकता पर करारा प्रहार है। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने संगठित प्रयास किया था। 17 वर्षों की पीड़ा, सामाजिक बहिष्कार के बाद आज मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी 7 आरोपियों को माननीय न्यायालय द्वारा दोषमुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। वोटबैंक के लालच और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने न सिर्फ निर्दोषों को फंसाया, बल्कि हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने का संगठित प्रयास भी किया।

### नो हेलमेट, नो पेट्रोल व्यवस्था लागू




**भोपाल।** राजधानी भोपाल में गत 1 अगस्त से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं, जिसके बाद भोपाल के सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो पेट्रोल के पोस्टर लगा दिए गए हैं। इस आदेश के लागू होने से ठीक एक दिन पहले तक लोगों में जागरूकता की कमी दिखाई दी। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर बाइक और स्कूटर सवार बिना हेलमेट के ही पेट्रोल भरवाते नज़र आए।

### संदेश कुमार जैन बने एम्स के नए डिप्टी डायरेक्टर

**भोपाल।** एम्स भोपाल के नए डायरेक्टर की खोज के बीच संस्थान को नया अधिकारी मिला है। पुलिस के अफसर संदेश कुमार जैन को एम्स भोपाल का नया डिप्टी डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे 3 साल इस पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए आए हैं। वर्तमान में संदेश कुमार जैन भोपाल में पुलिस अधीक्षक (रेडियो) के पद पर कार्यरत हैं। अब वे एम्स के प्रशासनिक तंत्र को मजबूत बनाएंगे। कयास लगाए जा रहे हैं कि एम्स में बीते कुछ समय समय से गड़बड़ियों के मामले सामने आने के बाद ही पुलिस अधिकारी को प्रशासनिक कमान सौंपी गई है।

# श्रम विधेयक को लेकर सदन में हंगामा, कांग्रेस का बहिर्गमन

## विधानसभा का मानसून सत्रः कानून व्यवस्था पर विपक्ष ने घेरा सरकार को, सरकार ने कहा-अपराधियों के साथ हो रही सख्ती

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का चौथा दिन भी हंगामेदार रहा। कांग्रेस ने कानून व्यवस्था और श्रम कानून के संशोधन विधेयक लेकर सरकार को घेरते हुए सदन का वॉकआउट किया। कांग्रेस ने श्रम संशोधित कानून को लेकर कहा कि ये मजदूरों का शोषण बढ़ाएगा। जबकि श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि संशोधित बिल मजदूरों के हित में है। सदन में गुरुवार को श्रम विभाग के संशोधित विधेयक पर चर्चा हुई। इस विधेयक में प्रावधान है कि सूबे के उद्योगों में हड़ताल और तालाबंदी के लिए उद्योग प्रबंधन को डेढ़ महीने पहले सूचना देनी होगी। इसी तरह अब किसी भी ठेकेदार को कर्मचारियों को रखने के लिए किसी भी तरह के लाइसेंस की जरूरत नहीं पड़ेगी, उन्हें लाइसेंस प्रक्रिया से राहत दी गई है। इसी तरह कारखानों के लिए दिए जाने वाले लाइसेंस के लिए भी नियमों में संशोधन करने का फैसला लिया गया है। इसमें कर्मचारी संख्या की लिमिट बढ़कर 40 कर दी गई है। इस पर चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के विधायकों के बीच जमकर बहस हुई और कांग्रेस ने कहा कि इस बिल के लागू होने से मजदूरों को शोषण और बढ़ेगा। इस पर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए सदन का वहिर्गमन कर दिया। इधर संशोधित विधेयक को सदन में मंजूर कर दिया गया। कांग्रेस विधायकों ने श्रम विभाग के संशोधन विधेयक को मजदूर और श्रमिकों के खिलाफ बताते हुए कहा कि इससे अब ठेका प्रथा और बढ़ेगी। इससे मजदूरों का हड़ताल और आंदोलन करने का अधिकार छीन जाएगा। पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से पूंजीवादियों को संरक्षण देने वाली है, जिसके द्वारा वहीं काम किए जाते हैं, जिससे उद्योगपतियों, पूंजीपतियों को लाभ मिल सके। उन्हें श्रमिक और मजदूरों के हितों से कोई लेना देना नहीं है। विधायक सोहनलाल वाल्मीक ने विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा कि हड़ताल करना श्रमिकों का अधिकार है, इस नए नियम से उनका अधिकार सरकार द्वारा छीना जा रहा है।



### प्रदेश की कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

भोजनावकाश से पहले कांग्रेस ने विधानसभा के नियम 138 के तहत ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर सदन में सवाल खड़े किए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में अपराधों की बाढ़ आई हुई है और सरकार



अपराधियों को संरक्षण दे रही है। सिंघार ने आरोप लगाया कि जहां मीडिया की पहुंच नहीं होती, ऐसे दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। सरकार अपराधों का वर्गीकरण कर आंकड़ों को छिपाने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि प्रदेश में 21,000 से अधिक बेटियां और महिलाएं लापता हैं। नेता प्रतिपक्ष ने अलग-अलग महीनों के बड़े अपराधों का जिक्र करते हुए कहा कि गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है और विधायकों पर ही झूठे प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, तो इससे स्पष्ट है कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। सिंघार ने कहा कि गुजरात में पकड़े गए 1800 करोड़ रुपये के ड्रग्स मामले के बाद अब प्रदेश में शारिक मछली, शरीफ मछली जैसे तस्कर भी सामने आ रहे हैं और उन्हें छुड़ाने में सरकार के लोग खुद लगे हुए हैं। यह दर्शाता है कि ड्रग्स माफिया को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को दुरस्त नहीं कर पा रही है।

### सरकार ने सख्त कानून बनाए, जिससे अपराधों पर लग रहा अंकुशः पटेल

सरकार की ओर से चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सदन में पक्ष रखते हुए कहा



कि मध्यप्रदेश में किसी भी दागदार पुलिस अधिकारी को थाने की कमान नहीं सौंपी गई है। किसी भी थाने में आरक्षक निरीक्षक को 5 साल से ज्यादा नहीं पदस्थ रखा जा रहा है। हमारी सरकार ने ऐसे सख्त कानून बनाए हैं, जिससे अपराधों पर अंकुश लग रहा है,तो अपराधी खौफ खा रहा है। 1903 पर कॉल किए जाने पर साइबर अपराधियों के ममले में तत्काल पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाती है। उज्जैन में धार्मिक तनाव को लेकर मंत्री पटेल ने कहा कि वहां ऐसी कोई बड़ी घटना नहीं हुई थी। सिर्फ एक जुलूस के मार्ग को लेकर बात सामने आई थी। लेकिन सरकार की ओर से आए जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने मछली परिवार और लव जिहाद के मामले पर सदन में विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सवाल किया कि आखिर यह मछली किसकी है। जिस पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने जवाब दिया तो कांग्रेस विधायक भी नारेबाजी करने लगे और उसके बाद उन्होंने सदन का वॉकआउट कर दिया।



## ड्रग्स और सिरिंज की माला पहनकर विस पहुंचे कांग्रेसी

### मछली पकड़ी है, मगरमच्छों पर कार्रवाई कब

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन भी कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। विधायक गले में इंजेक्शन के सिरिंज की माला पहनकर परिसर पहुंचे और गांधी प्रतिमा के सामने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने एमडी ड्रग्स कारोबार और आरोपियों को भाजपा नेताओं पर संरक्षण देने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल किया कि इस मामले में अभी छोटी मछली को पकड़ा गया है,बड़े मगरमच्छ कब पकड़े जाएंगे। विधायक इंजेक्शन की माला और हाथों नकली ड्रग्स की सामग्री लेकर विरोध विधानसभा परिसर पहुंचे, जहां उनके द्वारा नशा मुक्त प्रदेश चाहिए। ड्रग्स माफिया पर कार्रवाई हो, अभी छोटी मछली पकड़ी है, बड़े मगरमच्छों पर कार्यवाही कब होगी जैसे नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में नशा युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता ड्रग्स मामलों में पकड़े जा रहे हैं, लेकिन उन्हें संरक्षण देने वाले बड़े नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हजारों करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा जा चुका है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ निचले स्तर पर सीमित है। जिन भाजपा नेताओं के नाम मछली गिरोह के वीडियो में सामने आ रहे हैं, उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार ने ड्रग्स माफियाओं और उनके राजनीतिक सरंक्षकों पर कठोर कार्रवाई नहीं की, तो यह आंदोलन और उग्र होगा।

### जिलाध्यक्ष शहरयार ने दिया इस्तीफा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के भोपाल जिलाध्यक्ष शहरयार अहमद ने ड्रग्स और यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी संगठन को पत्र लिखकर शहरयार ने कहा है कि वे खुद किसी भी गलत काम में शामिल नहीं हैं, लेकिन पार्टी की छवि को देखते हुए वह स्वेच्छा से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा कि उनके परिवार के एक सदस्य के खिलाफ दर्ज गंभीर प्रकरण से पार्टी की छवि प्रभावित हो सकती है। उन्होंने स्वयं कोई भी अवैधानिक या असामाजिक कार्य नहीं किया है, परंतु पार्टी और स्वर्गीय पिता की प्रतिष्ठा को आंच न आए, इसलिए वे स्वेच्छा से सभी दायित्वों से मुक्त होना चाहते हैं। शहरयार ने अपने पत्र में कहा कि मैं पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता था, हूं और रहूंगा। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक मैं स्वेच्छा से पद छोड़ रहा हूं। जानकारी के अनुसार शहरयार भोपाल में ड्रग्स और यौन शोषण के गंभीर मामले के बाद आरोपी यासीन अहमद के चाचा है। भोपाल पुलिस ने हाल ही में मछली व्यापार से जुड़े परिवार के दो सदस्यों यासीन मछली और शाहवर अहमद के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी, हथियार रखने और अश्लील वीडियो के मामलों में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## विजयवर्गीय बोले- 10 लाख आवास देने का लक्ष्य

# शहरों में जमीन की कमी से पीएम आवास में पिछड़ा एमपी, अब नहीं मिलेंगे पट्टे

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में केंद्र शासन द्वारा लगाई गई आवास पट्टे की अनिवार्यता ने राज्य सरकार को दुविधा में डाल दिया है। राज्य सरकार ने माना है कि ग्रामीण क्षेत्रों तो पट्टे बांटने में कोई परेशानी नहीं है, वहां काम तेजी से चल भी रहा है। मगर शहरी क्षेत्रों में अब आवासीय भूमि नहीं बची है। जमीन न होने से जहां पट्टों के आवेदन हर जिले में बड़ी संख्या में लंबित हैं तो प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश पिछड़ने लगा है। नंबर एक और दो तमगा प्रदेश से छिनता नजर आ रहा है। इसे देखते हुए राज्य सरकार अब शहरों में आवासीय पट्टे बांटने पर रोक लगाकर बहु मंजिला इमारतों में प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएगी। सभी नगर निगम आयुक्तों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नोत्तर काल में जवाब में यह बात कही। सत्तापक्ष के ही जबलपुर कैंट से विधायक अशोक रोहाणी ने अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में हितग्राहियों को पट्टे न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि वर्तमान में उनके क्षेत्र में पट्टे के कितने आवेदन लंबित हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, कांग्रेस के अजय सिंह ने भी पट्टे न मिलने की समस्या उठाते हुए सरकार से पूछा कि पट्टे न बांटे जाने का नियम केंद्र का है या राज्य सरकार का। प्रदेश में बीते डेढ़ साल से लोगों को आवासीय पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने माना कि पट्टों की अनिवार्यता के कारण पीएम आवास की स्पीड प्रदेश में धीमी हो गई है। भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तो हमारी



गति अच्छी है, लेकिन शहरों में आवासीय भूमि कम है और यहां पट्टे बांटने में तकलीफ आ रही है। अब हम शहरों में मल्टी स्टोरी प्लान कर रहे हैं। विजयवर्गीय ने बताया कि हम शहरों में पट्टे पर आवास बनाकर दे देते हैं। वहां कॉलोनी तो बन जाती है, लेकिन न सड़क होती है और न ड्रेनेज सिस्टम। हम चाहते हैं कि पीएम आवास बना रहे हैं तो पूरी सुविधा भी दें। शहरों में आवासीय भूमि न होने से समस्या है। जमीन न होने से आवासीय पट्टे बांटना भी संभव नहीं है। इस योजना में मध्यप्रदेश ने 10 लाख आवास का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 50 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें से 25 हजार करोड़ सरकार खर्च करेगी और 25 हजार करोड़ रुपए का अनुदान आवास बनाने के लिए दिया जाएगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राजधानी में नार्थ टीटी नगर में खाली पड़े हजारों नवनिर्मित आवासों का मामला उठाया। इस पर भोपाल दक्षिण के विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया कि इनमें से 336 आवास तीन माह पहले सरकार द्वारा आवंटित कर दिए गए हैं।

### भोपाल में 2 करोड़ से की जाएगी खुले पड़े ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग

राजधानी में जानलेवा साबित हो रहे खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर फेंसिंग कराई जाएगी। इसके लिए सरकार ने दो करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रश्नकाल में भोपाल में बिना ढक्कनों वाले ट्रांसफार्मरों के कारण हो रहे हादसों पर भोपाल उत्तर से कांग्रेस विधायक आतिफ



अकील ने प्रश्न उठाया था। उन्होंने कहा खुले ट्रांसफार्मर से लोगों की जान जा रही है। 30 जून को शाहजहांनाबाद क्षेत्र में आयशा नामक 5 साल की बच्ची सहित चार लोगों की खुली डीपी के कारण मौत हो गई। इन्हें आज तक मुआवजा भी नहीं मिला। अकील ने सरकार से पूछा कि कितने ट्रांसफार्मर और डीपी खुले पड़े हैं और इनके कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं। भोपाल मध्य विधायक आरिफ मसूद ने भी इन खुले ट्रांसफार्मर-डीपी में ढक्कन लगाने की मांग की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने दुर्घटना न होने की बात कही। इस पर प्रश्नकर्ता विधायक ने सदन में झूठी जानकारी देने का आरोप लगाया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रश्न संदर्भ समिति का हवाला देते हुए कहाकि यदि असत्य जवाब है तो आप वहां आवेदन कर सकते हैं। इस पर दोनों पक्षों में तीखी झड़प हो गई।

## जब बीजेपी विधायक बोले... होई है वही जो राम रचि राखा, मुंह में लगे हैं ताले


सदन में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा के देवरी से विधायक बृजबिहारी पटेरिया ने अपनी सरकार को कठघरे में खड़ा कर तीखे हमले बोले। इसे सुनकर कांग्रेस के सदस्यों ने जमकर मेज और पटेरिया की पीठ थपथपाई। पटेरिया ने गुरुवार को विश्व के प्रथम कवि तुलसीदास की जन्म जयंती होने का हवाला देते हुए उनके द्वारा रचित रामचरित की एक चौपाई से अपनी बात शुरू की। पटेरिया ने रामायण की चौपाई का उद्धरित करते हुए कहा कि... होई है वही जो राम रची राखा, को करि तर्क बढ़ावे साखा.. यहां भी मेरे मामले में होना वही है जो पहले तय हो गया होगा। इसलिए यहां तर्क-वितर्क करने से कोई लाभ है नहीं। आपने 9 अगस्त तक का समय भ्रष्ट पदाधिकारी को दे दिया है। अब जब 9 अगस्त मध्यदेश सरकार ने तय कर दया है तो उसके पहले मुझे कुछ कहना अनुचित होगा। पार्टी के अनुशासन का दंड भी मेरे ऊपर है, पार्टी लाइन भी है और इतने गूढ़ विषय में और अधिक अंदर नहीं जाना चाहता। केवल



इतनी अपील और उम्मीद करता हूं कि जब मध्यदेश शासन ने जांच करवा ली, आरोपी जांच में दोषी पाये गये, सरकार के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश समय सीमा के अंदर कायवाही के हैं तो कार्यवाही विलंबित क्यों है। क्यों भ्रष्ट अधिकारी को बार-बार समय दिया जा रहा है। ठीक है, सरकार की मंशा है मैं भी सहमत हूं, सरकार का हिस्सा हूं। पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं। बस मैं तो इतना ही कहना चाहता हूं कि - पीछे बंधे हैं हाथ मुंह पर पड़े हैं ताले, किससे कहें, कैसे कहें कि पैर का कांटा निकाल दो। असल में पटेरिया ने नगर पालिका परिषद देवरी के अध्यक्ष पर वित्तीय अनियमितता के बाद भी कार्रवाई न होने का मामला उठाया था। इस पर नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने कहाकि बाढ़ का हवाला देते हुए आठ दिन का समय दिया गया है। दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पटेरिया के आरोपों से विपक्ष के जमकर सरकार पर हमला किया।

# कपूर बने डीजी जेल, शाहिद एडीजी चयन-भर्ती

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों के तबादले हुए हैं। 1991 बैच के आईपीएस वरुण कपूर को नया जेल महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किया गया है। वे रुस्तमजी आर्म्ड पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, इंदौर में स्पेशल डीजी कार्यरत थे। उन्होंने 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी गोविंद प्रताप सिंह का स्थान लिया है, जो गुरुवार को रिटायर हो गए। वरुण कपूर के जेल महानिदेशक बनने के बाद आरएपीटीसी का अतिरिक्त प्रभार इंदौर में पदस्थ आईजी एसएएफ चंद्रशेखर सोलंकी को सौंपा गया है। राज्य शासन ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में एडीजी रहे 1996 बैच के आईपीएस मोहम्मद शाहिद अबसार को एडीजी चयन एवं भर्ती की जिम्मेदारी



सौंपी है। यह पद सोनाली मिश्रा के रेल सुरक्षा बल की महानिदेशक बनने के बाद सेवाएं केंद्र को सौंपे जाने से रिक्त हुआ था। अबसार को एडीजी पीटीआरआई और संचालक पुलिस अकादमी भौंरी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे सवा चार साल से ईओडब्ल्यू में पदस्थ थे। ईओडब्ल्यू में 2010 बैच के आईपीएस मोहम्मद युसूफ कुरैशी को डीआईजी बनाकर भेजा गया है। वे अब तक पीएचक्यू के साइबर सेल में डीआईजी का पद संभाल रहे थे।

### आईपीएस रवि गुप्ता का प्रमोशन, स्पेशल डीजी बने

गुरुवार को ही राज्य शासन ने आदेश जारी करते हुए एडीजी रवि गुप्ता को स्पेशल डीजी के पद पर प्रमोट कर दिया है। गुप्ता रेल पुलिस मुख्यालय में एडीजी के तौर पर पदस्थ हैं। प्रमोशन के बाद पदस्थापना यथावत रखते हुए स्पेशल डीजी रेल पुलिस बनाया गया है। स्पेशल डीजी का पद डीजी जेल जीपी सिंह के रिटायर होने से खाली हुआ है। 1993 बैच के गुप्ता एमपी आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### राजस्व व वन विभाग के सीमा विवाद से नागरिक परेशान

**विसं भोपाल।** पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने पन्ना में राजस्व और वन विभाग के बीच चल रहे सीमा विवाद का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जमीन पर डेढ़ हजार लोगों को विस्थापित करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विस्थापित लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। वन विभाग ने वर्ष 2024 से शिफ्टिंग रोक रखी है। संबंधित लोग बेहद परेशान है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान है। कैलाश विजयवर्गीय ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि ऐसे मामलों के लिए किसी अधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए,जो वन राजस्व सीमा विवाद का निपटारा कर सके।

**राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** | रानी मुखर्जी बेस्ट एक्ट्रेस, '12वीं फेल' बेस्ट फीचर फिल्म, 'कटहल' बेस्ट हिन्दी फिल्म

# किंग खान और विक्रांत मैसी को मिला बेस्ट एक्टर अवार्ड

### शाहरुख, रानी और मैसी पहली बार मिले राष्ट्रीय अवॉर्ड





**नई दिल्ली, जेएनएन।** शुक्रवार को 71वें राष्ट्रीय पुरस्कार का ऐलान किया गया। इसमें 35 साल बाद पहली बार शाहरुख खान को बेस्ट एक्टर का अवार्ड दिया गया है। उनके साथ विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को फिल्म जवान और मैसी को '12वीं फेल' के लिए पुरस्कार मिला है। फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और रानी मुखर्जी तीनों को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिला है। फिल्म 'कटहलः अ जैक फ्रूट मिस्ट्री', जिसमें सान्या मल्होत्रा मुख्य भूमिका में थीं, को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का सम्मान मिला। वहीं, विकी कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' को सर्वश्रेष्ठ मेकअप और कॉस्ट्यूम डिजाइन का पुरस्कार मिला। हिंदी फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' को बेस्ट डायलॉग के लिए पुरस्कार मिला। इस फिल्म के डायलॉग दीपक किंगरानी ने लिखे हैं। फिल्म 'एनिमल' को साउंड डिजाइन और बैकग्राउंड स्कोर के लिए दो पुरस्कार मिले। निर्देशक सुदीप्तो सेन को 'द केरल स्टोरी' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्कार मिला। इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी का सम्मान भी मिला। '12वीं फेल' को इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म घोषित किया गया, जो एक संघर्षरत युवा की सच्ची कहानी पर आधारित है।

### इन्हें भी मिला पुरस्कार

**सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफीः** वैभवी मर्चेंट (ढिंढोरा बाजे रे, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी)
**सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्लेः** बेबी (तेलुगू), पार्किंग (तमिल)
**सर्वश्रेष्ठ संपादनः** पुकल्लम (मलयालम)
**सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइनः** 2018: एवरीवन इज अ हीरो
**सर्वश्रेष्ठ गीत लेखनः** बालगाम (तेलुगू)
**सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशनः** वाथी (तमिल)
**सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकारः** गांधी तथा चेट्टू, जिप्सी, नाल 2
**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्रीः** जानकी बोदीवाला (वश), उर्वशी (उल्लोझक्कू)
**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेताः** विजयराघवन (पुकल्लम)
**सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिकाः** शिल्पा राव (चलिया)
**सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायकः** पीवीएन एस रोहित (बेबी, तेलुगू)
**सर्वश्रेष्ठ स्टंट कोरियोग्राफीः** हनु-मान (तेलुगू)

### क्षेत्रीय फिल्मों की श्रेणी में विजेता

**भाषाः** फिल्म का नाम
**तेलुगूः** भागवत केसरी
**तमिलः** पार्किंग
**मलयालमः** उल्लोझक्कू
**कन्नड़ः** कंदीलु - द रे ऑफ होप
**मराठीः** श्याम ची आई
**गुजरातीः** वश
**बंगालीः** डीप फ्रिज
**असमियाः** रोंगातपु 1982
**स्पेशल मेंशनः** एनिमल

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**भारतीय कपड़ा निर्यातकों ...**
25 फीसदी का शुल्क लगने से उसकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति कमजोर हो रही है।भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को वस्त्र और परिधान श्रेणी में 10.91 बिलियन डॉलर करीब 88 हजार करोड़ रुपए का निर्यात किया है। यह उद्योग श्रम-प्रधान है और इससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। परंतु अमेरिकी टैरिफ के चलते भारत का परिधान अमेरिका के बाजार में बांग्लादेश जैसे देशों की तुलना में महंगा हो जाएगा और निर्यात घटेगा।
मोर्गन स्टैनली की रिपोर्टः भारत का व्यापार अधिशेष हुआ दोगुनाः मोर्गन स्टैनली की रिपोर्ट बताती है कि भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार अधिशेष पिछले 10 साल में दोगुना होकर 20 बिलियन डॉलर से बढ़कर 40 बिलियन डॉलर हो गया है। इसमें सबसे बड़ा योगदान इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और वस्त्रों का है। भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता फिलहाल कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में मतभेद के चलते रुका हुआ है। भारत अमेरिका की उस मांग को मानने को तैयार नहीं है, जिसमें वह आनुवांशिक रूप से परिवर्तित कृषि उत्पाद जैसे मक्का और सोया को स्वीकार करने को कह रहा है। यह मुद्दा इसलिए भी अहम है क्योंकि अमेरिका पहले भी अपने आनुवंशिक कृषि उत्पादों पर दूसरे देशों की रोक को 'भेदभावपूर्ण' बता चुका है। भारत पर टैरिफ का दबाव कहीं इसे झुकने पर मजबूर न कर दे, यह चिंता भी निर्यातकों के बीच है।

**चुनाव आयोग के खिलाफ...**
लगे। जो हमें मिला है वो एटम बम है, जब फटेगा तो निर्वाचन आयोग आपको कहीं नहीं दिखेगा। राहुल गांधी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, 'मैं बड़ी गंभीरता से बोल रहा हूं कि निर्वाचन आयोग में जो भी यह काम कर रहे हैं, आपको हम छोड़ेंगे नहीं. आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, यह राष्ट्रद्रोह है। आप सेवानिवृत्त हो गए हों, या कहीं भी हों, आपको ढूंढ़कर निकालेंगे।'

**सदन के भीतर विपक्ष ...**
अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी। सदन से बाहर निकलकर कांग्रेसी विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और विजय शाह इस्तीफा देने के नारे लगाए। तकरीबन 1 बजे सदन फिर से शुरू हुआ, तो कांग्रेसियों ने विजय शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर गर्भगृह में आकर नारेबाजी की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सदन में उपस्थित हुए, तो नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उनसे शाह का तत्काल इस्तीफा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शाह सदन से गायब हैं, ऐसे ही उन्हें मंत्रिमंडल से भी गायब कर दीजिए। स्पीकर ने कई बार विपक्षी सदस्यों से अपनी सीट पर बैठने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकॉक से 40 करोड़ रु. का गांजा लेकर पहुंची महिला

**हैदराबाद, जेएनएन।** राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैदराबाद पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला यात्री को पकड़ा है। उसके सामान से 400 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया है, इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। एनसीबी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। महिला के दो चेक-इन बैग्स की जब जांच की गई तो उनमें भारी मात्रा में गांजा मिला, इस गांजे को हाइड्रोपोनिक तकनीक से उगाया गया था। हाइड्रोपोनिक गांजा एक हाई-क्वालिटी सिंथेटिक गांजा है, जिसे बिना मिट्टी के तकनीक की मदद से उगाया जाता है। यह सामान्य गांजे की तुलना में अधिक प्रभावी होता है। एनसीबी अधिकारियों की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि महिला आरोपी ने यह मादक पदार्थ बैंकॉक से मंगवाया था। हाल के समय में बैंकॉक से सीधे आने वाले यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, इसलिए महिला ने संदेह से बचने के लिए नया तरीका अपनाया और दुबई के रास्ते भारत लौटी।

### 15 साल पुरानी गाड़ियों पर बैन का मामला कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत 10 वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ गुरुग्राम की एडिशनल सेशन कोर्ट मे याचिका दायर की गई है। मामला मोटर वाहन अधिनियम से जुड़ा है, जिसमें दिल्ली सरकार पर वाहनों की जब्ती और स्क्रैपिंग से जुड़ा है। गुरुग्राम के सीनियर एडवोकेट मुकेश कुल्थिया की ओर से दायर याचिका में कहा है कि पिछले एक दशक से दिल्ली सरकार और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सुप्रीम कोर्ट, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और अन्य संस्थाओं का झूठा हवाला देकर जनता की वैध और रजिस्टर्ड गाड़ियों को जबरन जब्त कर स्क्रैपिंग एजेंसियों को सौंप रही हैं। एडवोकेट ने इसे केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और इसके संशोधित नियमों (2019, 2021, 2022, 2023) का खुला उल्लंघन बताया है। उधर, इस याचिका पर एडिशनल सेशन कोर्ट ने संज्ञान लिया है। साथ ही सीजेएम कोर्ट से रिकॉर्ड तलब किए हैं। एडवोकेट ने दायर याचिका में कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम में स्पष्ट है कि वाहन की वैध उम्र 15 वर्ष है और इसके बाद 5-5 साल के लिए रिन्युअल की व्यवस्था है।

### एनडीए में शीट शेयरिंग पर चर्चा नहीं: जायसवाल

**पटना, जेएनएन।** बिहार की राजनीति में इन दिनों मुकेश सहनी की एनडीए में वापसी की चर्चाएं तेज हैं। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, राजनीति संभावनाओं का खेल है, राजनीति में कुछ भी संभव है। उनके इस बयान से ये साफ पर की बीजेपी में उनकी वापसी हो सकती है। मालेगांव ब्लास्ट मामले में दोषियों की रिहाई से जुड़े सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि यह न्यायालय का निर्णय है, इस पर कुछ बोलना उचित नहीं है। यह बात पूरा देश समझ रहा है। भाजपा इस विषय को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहती। एनडीए के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही चर्चाओं पर पूछे गए सवाल पर जायसवाल ने कहा कि फिलहाल इस पर कोई बातचीत नहीं हुई है। जब समय आएगा, तब सबकुछ तय होगा। भाजपा इस बार भी सहयोगियों के साथ समझौते की दिशा में आगे बढ़ेगी। लोजपा प्रमुख चिराग पासवान द्वारा हाल ही में अपराध के मामलों को लेकर सरकार पर सवाल खड़ा किए जाने पर जायसवाल ने कहा, चिराग पासवान ने स्पष्ट किया है कि जब उन्हें लगा कि पुलिस कार्रवाई कर रही है, तब उन्होंने सरकार की प्रशंसा की।

## भूकंप से तबाही



### रूस में दूसरे दिन भी भूकंप

**मॉस्को, जेएनएन।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूकंप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10.57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं बुधवार को आए 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। इसके बाद कई इलाकों में बिल्डिंग धराशायी हो गई। वहीं समुद्र जीव भी बड़ी संख्या में मारे गए हैं।

## लाल हुआ सागर



**तातेयामा, जापान।** चिबा प्रान्त के हेइसौरा समुद्र तट पर लोग मृत व्हेल को देखते हुए। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, चार व्हेल बहकर किनारे पर पहुंची थीं।

### ट्रंप की धमकी बेअसर, कीव पर 300 से ज्यादा हमले

# रूस ने ड्रोन-मिसाइलों से यूक्रेन में मचाई तबाही, आठ की मौत

**कीव, जेएनएन।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला किया है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाते हुए सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है। हमले में ६ साल के बच्चे समेत आठ लोग मारे गए हैं। वहीं 82 लोग इन हमलों में घायल हैं। घायलों में पांच महीने की बच्ची भी शामिल है। ये हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस को यूक्रेन में युद्ध ना रोकने पर टैरिफ लगाने की धमकी के ठीक बाद हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने बताया है कि रूस की ओर से 300 से ज्यादा ड्रोन और ८ मिसाइलें दागीं गईं, जिनसे कीव में आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया। कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा, रूस ने आम लोगों को निशाना बनाया। रूसी हमले से नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया।

**ट्रंप ने दी थी धमकी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले ही कहा था कि अगर रूस ने तेजी से यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए कदम नहीं उठाए तो उनकी ओर से कड़े फैसले लिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में रूस प्रगति नहीं दिखाता है, तो अमेरिका 10 से 12 दिनों के भीतर मॉस्को पर टैरिफ लगाएगा। इस धमकी को नजरअंदाज करते हुए रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। इससे पहले रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के चेर्निहीव में स्थित सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर मिसाइल अटैक किया था। इसमें यूक्रेनी सेना के ३ जवान मारे गए थे, जबकि 18 लोग घायल हो गए थे। रूस ने बीते कुछ हफ्तों से यूक्रेन पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। रूस की ओर से लगातार मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी, 2022 से लड़ाई चल रही है।



### 27 स्थानों पर हमले, हर जगह मलबे का ढेर

तकाचेंको ने बताया कि कीव में कम से कम 27 स्थानों पर हमला हुआ, जिसमें सबसे अधिक नुकसान सोलोमिंस्की और स्वियातोशिनस्क्यी जिलों में हुआ। इस हमले के बाद कीव के कई इलाकों में मलबे का ढेर देखा गया है। खासतौर से सोलोमिंस्की जिले में रूसी ड्रोन हमले के बाद कई जगहों पर भीषण आग लग गई। यूक्रेन और रूस के बीच सीजफायर पर बेनतीजा बातचीत के बाद रूस की ओर से यूक्रेन की राजधानी कीव पर ये बड़ा हमला हुआ है। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक नौ मंजिला रिहायशी इमारत समेत कीव के आसपास करीब 10 ऐसी जगह हैं, जहां हमले किए गए। इसमें कई घरों के अलावा एक स्कूल को नुकसान पहुंचा है।

### दलबदल करेगा लोकतंत्र को कमजोर: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दल-बदल को लेकर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि ये मुद्दा देश भर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो ये लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद में कई नेताओं के भाषणों का हवाला देते हुए कहा, 'विधायक-सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार स्पीकर को इसलिए दिया गया, ताकि अदालतों में वक्त बर्बाद न हो और मामला जल्दी सुलझ जाए।' सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 10 विधायकों के दल-बदल और उनकी अयोग्यता के मामले में सुनवाई करते हुए यह बात कही।

## कर्नाटक: तीसरे दिन की खुदाई में छठे स्थान से मिले अधूरे कंकाल

**बेंगलुरु, जेएनएन।** मंदिर नगर धर्मस्थल में कथित सामूहिक दफन की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की निगरानी में चल रही खुदाई के तीसरे दिन गुरुवार को साइट 6 से आंशिक कंकाल अवशेष बरामद हुए। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि ये अवशेष कथित हत्या, बलात्कार और यातना के शिकार लोगों के हैं या नहीं। एसआईटी ने मंगलवार सुबह से ही नेत्रावती नदी के किनारे और पश्चिमी घाट के घने जंगलों के आसपास कई स्थानों पर खुदाई शुरू करवाई। कुल 13 स्थानों में से वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रोनब मोहंती के नेतृत्व वाली एसआईटी ने अब तक छह स्थानों की खुदाई पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया, छठे स्थान पर कंकाल अवशेष मिले हैं। शुरुआती आठ स्थान नदी के किनारे हैं और शिकायतकर्ता ने आशंका जताई थी कि बाढ़ आने पर शव बह गए होंगे। 4 जुलाई को दक्षिण कन्नड़ पुलिस ने पूर्व सफाईकर्मी के बयान पर एफआईआर दर्ज की थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे 'धर्मस्थल मंदिर प्रशासन और अन्य कर्मचारियों से जुड़े लोगों' ने जबरन शवों को दफनाने या ठिकाने लगाने के लिए मजबूर किया।

**कर्नाटक में धर्मस्थल सामूहिक दफन केस की जांच**

## बिहार: ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और हटाने एक महीने का समय मिलेगा

**पटना, जेएनएन।** बिहार के कई हिस्सों में विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं के बड़े पैमाने पर बहिष्कार की आशंकाओं के बीच चुनाव आयोग शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार किए गए ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करेगा। साथ ही दावों और आपत्तियों की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जो 1 सितंबर तक जारी रहेगी और इस दौरान, गलत तरीके से नाम हटाए जाने की शिकायत वाले मतदाता संबंधित अधिकारियों से समाधान की मांग कर सकते हैं।

चुनाव आयोग का दावा है कि पिछले महीने के अंत में एसआईआर का आदेश दिए जाने तक राज्य में 7.93 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जिसके बाद विपक्ष और कुछ अन्य संगठनों ने नाराज़गी जताई थी। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने हाल ही में यह धमकी देकर खलबली मचा दी थी कि अगर चिंताओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे। राजनीतिक दलों को दिए गए थे, जिन्हें उन्हें अपने हस्ताक्षर करने और पहचान प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेज संलग्न करने के बाद वापस करना था। लोगों के पास इन गणना प्रपत्रों को डाउनलोड करके ऑनलाइन जमा करने का विकल्प भी था। यह प्रक्रिया 25 जुलाई तक पूरी हो गई और चुनाव आयोग के अनुसार, 7.23 करोड़ मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिए, जबकि 35 लाख स्थायी रूप से पलायन कर गए या लापता पाए गए।

22 लाख अन्य की मृत्यु हो चुकी है, जबकि सात लाख लोग एक से अधिक मतदाता सूची में मतदाता के रूप में पंजीकृत थे। चुनाव आयोग ने यह भी दावा किया कि 1.2 लाख मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए। यह विशाल कार्य 77,895 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ द्वारा 243 ईआरओ (निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी) और 2,976 सहायक ईआरओ की देखरेख में 1.60 लाख बीएलए और अन्य स्वयंसेवकों की सहायता से किया गया।

## कैलिफोर्निया गवर्नर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी कमला

### राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होंगी हैरिस?



**कैलिफोर्निया, जेएनएन।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति भारतवंशी कमला हैरिस ने कैलिफोर्निया के गवर्नर का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। 2024 के डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार के बाद हैरिस ने गवर्नर गेविन न्यूसम का कार्यकाल खत्म होने के बाद बुधवार को ये ऐलान किया। हैरिस ने भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं दी है। इससे 2028 में उनके राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, वे किसी निर्वाचित पद पर नहीं रहेंगी, बल्कि लोगों से मिलती रहेंगी।

**फिलहाल लोगों से मिलेंगी उनकी समस्याएं सुनेंगी**

उन्होंने कहा, 'मैं वापस अमेरिकी लोगों की बातें सुनने, आने वाले महीनों में योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी साझा करने के लिए उत्सुक हूं।' यानी वे अभी राजनीति से दूर रहेंगी और जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनने, समझने की कोशिश करेंगी। हैरिस पहले कैलिफोर्निया में अटॉर्नी जनरल और सीनेटर के पदों पर रह चुकी हैं। उन्होंने समर्थकों को भरोसा दिलाया कि वे अधिक समय तक सार्वजनिक जीवन से दूर नहीं रहने वाली हैं। उन्होंने घोषणा की, 'मैं लड़ाई में बनी रहूंगी।' यदि कमला हैरिस कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़तीं,तो वे व्यापक रूप से पहचानी जाने वालीं और धन जुटाने की क्षमता रखने वालीं उम्मीदवार होतीं।

## चीनी कंपनी बेच रही जगन्नाथ की तस्वीर वाली डोरमैट

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट अलीएक्सप्रेस के भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले डोरमैट बेचने पर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य की उप मुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने 'अपमानजनक' बताया और अलीएक्सप्रेस से माफी की मांग की है। सोशल मीडिया पर विरोध बढ़ने पर ई-कॉमर्स वेबसाइट ने इसे प्रोडक्ट लिस्टिंग से हटा लिया। परिदा ने एक्स पर लिखा,'महाप्रभु जगन्नाथ प्रत्येक ओडिया के दिल और आत्मा से जुड़े हैं। मैं चीनी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अली एक्सप्रेस द्वारा भगवान जगन्नाथ की फोटो वाले डोरमैट बेचने की कड़ी निंदा करती हूं। इसे तुरंत हटाया जाए और भक्तों से माफी मांगी जाए। फिरदौस ने अपनी पोस्ट में कहा-भगवान जगन्नाथ की पवित्र फोटो वाले डोरमैट को अली एक्सप्रेस पर बेचने का यह कृत्य घोर निंदनीय है। यह करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाओं पर सीधा हमला है। तुरंत कार्रवाई हो और सार्वजनिक माफी मांगी जाए। सोफिया की पोस्ट के जवाब में अलीएक्सप्रेस ने कहा कि उसने डोरमैट प्रोडेक्ट को लिस्टिंग से हटा दिया है।



विवाद के बाद प्रोडक्ट लिस्टिंग से हटाया

## सिंहस्थ से पहले उज्जैन-इंदौर के लिए 60 किलोमीटर का नया वैकल्पिक मार्ग बनेगा



**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व से पहले उज्जैन और इंदौर के बीच बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए एक और नया वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है। इंदौर प्रशासन द्वारा तैयार किया जा रहा यह 60 किलोमीटर लंबा टू लेन मार्ग, उज्जैन-देवास रोड पर चंदेसरी गांव के आगे बोलासा से शुरू होकर इंदौर के एमआर-10 स्थित चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा तक पहुंचेगा। यह मार्ग खासतौर पर सिंहस्थ के दौरान होने वाले भारी वाहन दबाव को कम करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है।

### इन गांवों से होकर गुजरेगा मार्ग

यह नया मार्ग इंदौर के भांग्या-शकरखेड़ी मार्ग होते हुए जस्सा, कराडिया, बजरंग पालिया, धनखेड़ी, मुंडला हुसैन, शाहना, गुरान, जामोदी, सिमरोड और हिरली गांवों से होता हुआ देवास-उज्जैन रोड के पास बोलासा गांव से जुड़ेगा।

**मार्ग की विशेषताएं: लंबाई**- 60 किमी, **प्रारंभ बिंदु**- बोलासा (चंदेसरी के पास, देवास-उज्जैन रोड) **अंत बिंदु**- चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा, एमआर-10, इंदौर, **निर्माण लागत**- 140 करोड़ (डीपीआर तैयार), **विकास कार्य**- 75प्रतिशत मार्ग पर मौजूदा सड़क का उन्नयन, शेष 25 प्रतिशत पर नई सड़क बनेगी। **सड़क की चौड़ाई**-30 फीट **अन्य सुविधाएं**-कैरिज-वे, फुटपाथ भी बनेंगे।

### यात्रियों को मिलेगा सीधा फायदा

सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के दौरान जब इंदौर-उज्जैन मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन एक लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं, ऐसे में यह वैकल्पिक मार्ग यात्रियों को जाम से राहत देगा। आम दिनों में भी जब इंदौर-उज्जैन रोड पर 35 से 40 हजार वाहन चलते हैं, यह रूट ट्रैफिक का बेहतर वितरण कर सकेगा।

### बन रहा सिक्स लेन रोड

इंदौर-उज्जैन के मौजूदा मुख्य मार्ग को भी अपग्रेड किया जा रहा है। यह सिक्स लेन किया जा रहा है, जिसमें 22 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 650 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट की डेडलाइन जनवरी 2027 रखी है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से इस सड़क की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है, ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके और सिंहस्थ से पहले इसे उपयोग के लिए तैयार किया जा सके।


## प्रॉपटी विवाद के बीच बच्चों के साथ दिल्ली पहुंचीं करिश्मा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिवंगत बिजनेसमैन और करिश्मा कपूर के एक्स हसबैंड संजय कपूर की 30 हजार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को लेकर फैमिली में विवाद चल रहा है। संजय की मां रानी कपूर और वाइफ प्रिया सचदेव के बीच कुछ भी ठीक नहीं है। इन खबरों के बीच करिश्मा कपूर अपने दोनों बच्चों के साथ दिल्ली पहुंच गई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के वीडियो में नजर आता है कि करिश्मा एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय आगे-आगे चल रही हैं, जबकि कियान और समायरा उनके पीछे हैं। करिश्मा जल्दी से अपनी कार की तरफ तेजी से बढ़ दिखती हैं। वहीं, प्रॉपर्टी विवाद के बीच संजय की वाइफ प्रिया सचदेव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक बड़ा बदलाव किया। उन्होंने अपना इंस्टाग्राम हैंडल नाम बदलकर प्रिया संजय कपूर किया, जो कि पहले प्रिया सचदेव कपूर था। करिश्मा संजय के अंतिम संस्कार और प्रेयर मीट में भी बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। करिश्मा संजय के अंतिम संस्कार और प्रेयर मीट में भी बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। एक हफ्ते पहले संजय की मां रानी कपूर ने दावा किया कि वह



ऑटो कम्पोनेंट कंपनी में कपूर फैमिली के हितों की एकमात्र प्रतिनिधि हैं। 10 साल पहले की वसीयत का हवाला देते हुए रानी ने दावा किया कि 30 जून 2015 की वसीयत के अनुसार, वो दिवंगत पति सुरिंदर कपूर की संपत्ति की एकमात्र लाभार्थी हैं। इससे वह सोना ग्रुप की मेजॉरिटी शेयरहोल्डर बन गयीं, जिसमें ऑटो कम्पोनेंट फर्म में शेयर भी शामिल है। रानी ने भी ब्रिटेन में बेटे की मौत पर सवाल उठाते हुए संदिग्ध बताया था। रानी ने कंपनी की एजीएम टालने की मांग की थी, लेकिन कंपनी ने उनकी मांग ठुकरा दी।

### रमी विवाद: महाराष्ट्र में कृषि मंत्री को हटाया



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र सरकार ने कैबिनेट स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए माणिकराव कोकाटे से कृषि मंत्रालय वापस ले लिया है और उन्हें अब खेल मंत्री बनाया गया है। वहीं, दत्तात्रय भरणे को नया कृषि मंत्री नियुक्त किया गया है, इस बदलाव को लेकर सरकार ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं। हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान माणिकराव कोकाटे का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे मोबाइल पर रम्मी गेम खेलते नजर आए। इस वीडियो के सामने आने के बाद विपक्ष ने मंत्री की गैर-जिम्मेदाराना हरकत पर तीखा विरोध जताया और उनकी बर्खास्तगी की मांग की थी। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे (अजीत पवार गुट एनसीपी) विधानपरिषद में रमी खेलने पाए गए थे। महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय उस वीडियो की आंतरिक जांच कर रहा था, जिसमें कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे विधानपरिषद में अपने मोबाइल फोन पर कथित तौर पर 'रमी' खेलते हुए नजर आ रहे थे, जिस वीडियो में कोकाटे उच्च सदन में 'रमी' खेलते हुए नजर आ रहे हैं, उसे सबसे पहले एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार और बाद में पार्टी के सहयोगी जितेंद्र अव्हाड द्वारा एक्स पर पोस्ट किया गया था, जिससे राजनीतिक बवाल मच गया।

## रोहिंग्याओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई, तय किए सवाल

### अवैध प्रवासियों के मामलों को 3 श्रेणियों में बांटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रोहिंग्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कुछ बिन्दु सुनवाई की प्राथमिकता के लिए तय किए हैं। विदेशियों/अवैध प्रवासियों/रोहिंग्याओं से संबंधित कई मामले गुरुवार को न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध थे। सुविधा के लिए इनमें से कुछ को डी-टैग किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई के लिए कुछ बिन्दु तय किए हैं। इनमें क्या रोहिंग्याओं को शरणार्थी घोषित किए जाने का अधिकार है, यदि हां, तो उन्हें किस प्रकार का संरक्षण प्राप्त है? यदि रोहिंग्या अवैध रूप से प्रवेश कर रहे हैं, तो क्या भारत सरकार और राज्य सरकारें कानून के अनुसार उन्हें निर्वासित करने के लिए बाध्य हैं?, यदि रोहिंग्याओं को अवैध घुसपैठिया माना भी गया है, तो क्या उन्हें अनिश्चित काल तक हिरासत में रखा जा सकता है या वे शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा होने के हकदार हैं? वहीं क्या रोहिंग्याओं को, जो हिरासत में नहीं हैं, लेकिन शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं, बुनियादी सुविधाएं जैसे स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा आदि प्रदान की गई हैं।

कोर्ट ने विदेशियों/अवैध प्रवासियों/रोहिंग्याओं से संबंधित मामलों में से कुछ को डी-टैग किया गया था। मामलों को अंततः 3 श्रेणियों में विभाजित किया गया। समूह 1 (रोहिंग्याओं से संबंधित), समूह 2 (गैर-रोहिंग्याओं से संबंधित) और समूह 3 (केवल एक मामला जिसमें एक पत्नी ने अपने हिरासत में लिए गए पति के संबंध में राहत मांगी थी, लेकिन कार्यवाही का दायरा अंततः न्यायमूर्ति अभय ओका के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा व्यापक बना दिया गया था।

### कोलकाता में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी मॉडल गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कोलकाता पुलिस की एंटी-राउडी स्क्वाड ने जादवपुर इलाके में छापा मारकर एक बांग्लादेशी मॉडल को गिरफ्तार किया है। उसके पास वीजा नहीं था, लेकिन आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड बन गए थे। पुलिस ने कई दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, मॉडल का नाम शांता पॉल (24 साल) है। वह इस मकान में 2024 से एक पुरुष के साथ किराए पर रह रही थी। कोर्ट ने उसे 8 अगस्त तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। शांता पॉल बांग्लादेश में कई ब्यूटी शो में भाग ले चुकी है। कोलकाता पुलिस के जॉइंट कमिश्नर ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया।

# रामराजा स्टेडियम पलेरा में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**जागरण, पलेरा।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी वार्षिक खेल कैलेंडर के तहत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 31 जुलाई से 1 अगस्त तक ब्लॉक पलेरा के रामराजा स्टेडियम में किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में विकासखंड स्तर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने फीता काटकर व ध्वजारोहण कर किया। मंच पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक, भाजपा के पूर्व महामंत्री राजेश नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर. के. जैन, मॉडल स्कूल के प्राचार्य किशोर राजपूत, विकासखंड खेल प्रभारी शैलेंद्र सिंह राय, युवक कल्याण विभाग के समन्वयक हसरुद्दीन खान, विकासखंड योग प्रभारी राम सिंह राजपूत, कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका छाया साहू, मॉडल स्कूल की शिक्षिका वंदना राजपूत, हफीजुल्लाह खान, इकरार खान, सोनम सोनी, हेमा अहिरवार सहित अनेक शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक आदि विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। बालक और बालिका वर्ग में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। मैदान में खिलाड़ियों के जोश और जुनून को देखकर दर्शक दीर्घा में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### खेलों से मिलता है अनुशासन और नेतृत्व का पाठ

उद्घाटन अवसर पर मंच से संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि ये अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और संघर्ष की सीख भी देते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

### विजेताओं का होगा जिला स्तरीय चयन

विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात प्रत्येक खेल विधा में चयनित विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगिता हेतु विशेष प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विकासखंड खेल प्रभारी शैलेंद्र सिंह राय ने सभी अतिथियों, सहयोगी शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन और खेल प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया तथा सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं।

# वकपुरा पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप

### 5 हजार लेने के बाद भी नहीं किया गरीब का काम, वीडियो वायरल



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले की वकपुरा ग्राम पंचायत से भ्रष्टाचार का एक और गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामवासी बलवान सिंह सोलंकी ने पंचायत सचिव मुकेश मिश्रा पर 5 हजार रिश्वत लेकर भी काम न करने और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। बलवान सिंह का कहना है कि उन्होंने फरवरी माह में अपने दिवंगत पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र और पुत्र की खाद्यान्न पर्ची बनवाने के लिए सचिव को 5 हजार की राशि दी थी, लेकिन आज तक न तो दस्तावेज तैयार हुए और न ही पैसे लौटाए गए। बलवान सिंह का आरोप है कि उन्होंने कई बार पंचायत सचिव से अनुरोध किया, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। उल्टा पंचायत सचिव द्वारा उन्हें धमकी दी गई कि अगर ज्यादा बोलेगा तो तेरा नाम समग्र आईडी से कटवा दूंगा। इस पूरे मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सचिव को पैसे लेते हुए दिखाया गया है। हालांकि, इस वायरल वीडियो की पुष्टि न तो आवेदक का निजी यूट्यूब चैनल करता है और न ही कोई समाचार संस्था। फिर भी यह वीडियो गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों में सचिव के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बलवान सिंह ने दिनांक 30 जुलाई को कलेक्टर टीकमगढ़ को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए पंचायत सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि उनसे ली गई राशि उन्हें वापस दिलवाई जाए और उनके आवश्यक दस्तावेज तत्काल प्रभाव से बनवाए जाएं। गांव के अन्य लोगों का कहना है कि सचिव लंबे समय से लोगों से पैसे लेकर काम टालता आ रहा है। अब जब मामला सामने आया है और वीडियो भी वायरल हो चुका है, तो ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता से जांच करता है और दोषी के खिलाफ कैसी कार्यवाही की जाती है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार मामला फाइलों में दबेगा नहीं, बल्कि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होगी ताकि भविष्य में कोई अधिकारी जनता की आवाज को दबा न सके।

# रेलवे स्टेशन पर मानव दुर्व्यवहार निषेध दिवस के अवसर पर लापता बालक को किया गया रेस्क्यू

### कृषक सहयोग संस्थान की टीम व आरपीएफ की सतर्कता से विक्रम कौरी को मिला सुरक्षित आश्रय

**जागरण, टीकमगढ़।** मानव दुर्व्यवहार निषेध दिवस के अवसर पर टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एक 14 वर्षीय लापता बालक को रेस्क्यू किया गया। यह कार्यक्रम कृषक सहयोग संस्थान द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के उपरांत संस्थान की टीम ने आरपीएफ हेड कांस्टेबल के साथ मिलकर प्लेटफार्म क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतीक्षालय में एक बालक घबराया हुआ और अकेला मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्रम कौरी, निवासी जतारा, पिता का नाम महेश कौरी बताया। बालक ने बताया कि वह कुंडेश्वर घूमने आया था, लेकिन रास्ता भटक गया और उसका मोबाइल भी चोरी हो गया, जिससे वह घर नहीं लौट सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सूचनाकर्ता लोकेंद्र कुशवाहा ने तत्काल 1098 चाइल्डलाइन, 112 और डायल 100 पर सूचना दी। कुछ ही देर में चाइल्डलाइन टीम, पुलिस बल और आरपीएफ के जवान अजय यादव मौके पर पहुँचे। बालक को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार अस्थायी रूप से टीकमगढ़ बाल गृह में आश्रय प्रदान किया गया। इस रेस्क्यू अभियान में कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अक्षय मिश्रा, लोकेंद्र कुशवाहा, अजय कांत खरे एवं आरपीएफ के जवान अवधेश कुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह प्रयास संस्था द्वारा संचालित बच्चों की सुरक्षा एवं पुनर्वास अभियान का हिस्सा है। इस सराहनीय कार्य के लिए टीम की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

# जिले के 51 सरकारी स्कूल की हालत जर्जर, बच्चों की जान जोखिम में

### कलेक्टर ने दिए 15 दिन में मरम्मत के निर्देश

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के सरकारी स्कूलों की हालत गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। कई स्कूल भवनों की दीवारें दरकी हुई हैं, छतों से प्लास्टर झड़ रहा है और कई कक्षाओं की छतें कभी भी गिर सकती हैं। ऐसे खस्ताहाल भवनों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। लंबे समय से रखरखाव न होने के कारण टीकमगढ़ जिले के शासकीय विद्यालयों की हालत दिनोंदिन जर्जर होती जा रही है। शुक्रवार को इसी गंभीर विषय को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में निरीक्षण के बाद 51 शासकीय विद्यालयों को जर्जर और क्षतिग्रस्त घोषित किया गया है। इन विद्यालयों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए शासन से 1 करोड़ 13 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य शाला विकास समितियों के माध्यम से 15 दिवस के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि छत की मरम्मत वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए। सभी मरम्मत कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हों। कलेक्टर श्रोत्रिय ने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों का अभी तक चिह्नांकन नहीं हुआ है, उनका भी तुरंत निरीक्षण कर सूची में शामिल किया जाए। साथ ही मरम्मत के दौरान यह विशेष ध्यान रखा जाए कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो। अति संवेदनशील स्कूल भवनों की मरम्मत सबसे पहले कराई जाए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह चौहान, डीपीसी आर.पी. त्रिपाठी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई देवानंद शुक्ला, बीआरसी, इंजीनियर और संबंधित स्कूलों के प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

### सुरक्षित नहीं है स्कूलों के भवन

टीकमगढ़ जिले के कई स्कूलों में बच्चे खौफ के साए में पढ़ाई कर रहे हैं। कहीं दीवारें झुकी हुई हैं तो कहीं छत से पानी टपकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी बदतर है, जहां भवनों की हालत देखते ही बनती है। कक्षा के नाम पर जर्जर कमरे, दरवाजे-खिड़कियां टूट चुकी हैं, और बच्चों को बैठने के लिए पक्की जमीन भी मयस्सर नहीं।

### उम्मीद की किरण बना कलेक्टर का कदम

अब कलेक्टर द्वारा उठाया गया यह कदम उम्मीद की किरण लेकर आया है, लेकिन असल सफलता तभी मानी जाएगी जब मरम्मत कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएंगे। जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए यह जरूरी है कि बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले।

# हर्षोल्लास एवं सद्भावपूर्वक मनाएं आगामी त्योहार : कलेक्टर



### श्री बल्देव उत्सव एवं जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जागाण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि आगामी दिवसों में विभिन्न त्यौहारों को हर्षोल्लास एवं सद्भावपूर्वक मनाया जाए। विभिन्न अवसरों पर मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारी समय पूर्व आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा के साथ आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत संपन्न हुई तैयारी बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक के अवसर पर अवगत कराया कि इस वर्ष के धार्मिक आयोजन में पर्व के लिए निर्धारित राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस बार पर्ची व्यवस्था पर प्रतिबंध रहेगा। स्वीकृत राशि का अग्रिम आहरण भी किया जा सकेगा। श्रद्धालुओ से विभिन्न सामग्री प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं रहेगी। उन्होंने विभिन्न पर्वों के दौरान पुरूष एवं महिला श्रद्धालुओं को सुलभ तरीके से दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित मेडिकल टीम की तैनाती, नगर पालिका की सड़को की मरम्मत, सही गुणवत्ता की सामग्री का भोग में उपयोग सहित नियमित अंतराल पर साफ-सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की तैनाती कर पुलिस प्रशासन से जरूरी समन्वय, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक रूप से जनरेटर की व्यवस्था तथा व्यवस्थित रूप से दान व चढ़ावा इत्यादि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के संबंध में निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त शुद्ध पेयजल, बेरीकेटिंग, एलईडी के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था, मंदिर पहुंच मार्ग को दुरूस्त कराने, सुरक्षा प्रबंध सहित सभी मंदिरों में जरूरी मरम्मत कार्य व साफ-सफाई व्यवस्था समय पूर्व कराने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागंण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष हरछट पर्व पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न पर्वों के दौरान जनसुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने अवगत कराया कि इस वर्ष के आयोजन में भी किसी विशेष प्रवेश व्यवस्था पर रोक रहेगी। उन्होंने मंदिर परिसरों में अग्निशामक यंत्रों के सही संचालन का परीक्षण करने सहित प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था व बेहतर यातायात के संबंध में अवगत कराया।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा

श्री बल्देव उत्सव (हलषष्ठी) का कार्यक्रम श्री बल्देव जी मंदिर पन्ना में होगा। 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव, 19 अगस्त को रात्रि 9 बजे छट तथा 20 अगस्त को रात्रि 10 बजे से भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसी तरह श्री जुगल किशोर जी मंदिर पन्ना प्रांगण में 16 अगस्त से जन्माष्टमी के विविध कार्यक्रम होंगे। इस दिन रात्रि 12 से 1:30 बजे तक से कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 17 अगस्त को दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक दधिकांदो एवं रात्रि 10:30 से रात्रि 12 बजे तक भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि 22 अगस्त को रात्रि 12 से 1 बजे तक छट, 31 अगस्त को दोपहर 2 से 3 बजे तक राधा अष्टमी तथा 1 सितम्बर को दोपहर 3 से 4 बजे तक साधु संतों का भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम अन्य मंदिरों में भी होगा। इस क्रम में श्री गोविन्द जी मंदिर पन्ना में 16 अगस्त को रात्रि 11:30 बजे श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम होगा। इसके उपरांत छट तथा भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी तरह 16 अगस्त को श्री नवल किशोर मंदिर पन्ना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम रात्रि 9 बजे, श्री बिहारी जी मंदिर रामबाग एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर बेनीसागर में रात्रि 9:30 बजे तथा श्री सारंगधर जी मंदिर सारंगपुर एवं इटवांखास के जुगल किशोर मंदिर में रात्रि 12 बजे से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम होंगे।

# वन और राजस्व की भूमि का विवाद खत्म हो : सिंह

### वन और राजस्व भूमि के विवाद को निपटाने के वन व्यवस्थापन अधिकारी की नियुक्ति हो



**जागाण, पन्ना।** विधानसभा में गुरुवार वन और राजस्व विभाग की सीमाओं को निपटाने के लिए पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि वन और राजस्व की सीमाओं का निराकरण नहीं होने से वन विभाग द्वारा राजस्व की भूमी को भी अपनी सीमाओं में बता दिया जाता है कई बार शासन के पत्र जारी करने के बाद भी स्थिति नहीं बदलती है जिससे जनता परेशान होती रहती है वन विभाग जबरन वन विभाग से लगी हुई जमीन के निर्माण कार्य को बंद करा देता है श्री सिंह ने इसके लिए वन व्यवस्थापन अधिकारी नियुक्त करने की मांग की है जिसका संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी समर्थन किया है। बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा 25 साल पहले मुख्य सचिव ने पत्र लिखकर 6 महीने में प्रकरण को निराकरण करने के लिए कहा था लेकिन आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। पी एस रिवेन्यू ,पी एस फॉरेस्ट को पत्र लिखकर दो महीने के अंदर समीक्षा के लिए कहा गया था जिससे दोषियों पर कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री जी जब शिक्षा मंत्री थे तब उन्होंने पन्ना में गर्ल्स कॉलेज स्वीकृत किया था इस पर बाउंड्री वॉल जब बनाई गई तो वन विभाग ने अपनी जमीन बताकर जबरदस्ती गर्ल्स कॉलेज की दीवार तोड़ दी जिसका संयुक्त सीमांकन करने पर 112 एकड़ जमीन राजस्व विभाग की निकली।मुख्यमंत्री जी ने जो मेडिकल कालेज स्वीकृति किया था पन्ना कलेक्टर द्वारा आबंटित जमीन पर भी वन विभाग ने आपत्ति लगा दी है। संयुक्त सीमांकन से 111 एकड़ जमीन भी राजस्व की निकली है नेशनल हाईवे 39 झांसी से इलाहाबाद में बमीठा से सतना के बीच को फोर लेन का रास्ता रुका हुआ है। विकास पुरुष कहे जाने वाले विधायक बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि पन्ना का विकास वन विभाग के कारण रुका हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि 415 ऐसे हमारे वन व्यवस्थापन के पट्टे हैं जिनको राजस्व में आज तक अमल में नहीं लाया गया है श्री सिंह ने कहा कि पन्ना का 60त्न क्षेत्र जंगल है डेढ़ हजार से ज्यादा भू स्वामी वाले लोगों को बाहर किया जा रहा है बेदखल करने के लिए पी एस फॉरेस्ट सभी डीएफओ को पत्र भेजते है फिर हमारी क्षेत्र की जनता हमारे ओर प्रशासन के पास पहुंचते हैं और उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है वही सदन में विधायक के जवाब राजस्व मंत्री कर्ण सिंह वर्मा ने कहा जहां भी ऐसी दिक्कत आती है वहां दोनों विभाग के अधिकारीयो को रखें और समस्याओं का निराकरण किया जाएगा श्री वर्मा ने कहा कि एक भी आदिवासी नहीं हटाया जाएगा वहीं सदन में विधायक वन व्यवस्थापन अधिकारी की नियुक्ति पर अड़े रहे। क्षेत्र की आम जनता की परेशानी को देखते हुए पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र वासियों की मांग को सदन में ताराअंकित प्रश्न के माध्यम से नवीन झालर के ग्रामवासी जिन्हें यह वन व्यवस्थापन के तहत वन विभाग द्वारा कृषि योग्य भूमि बनाकर मौके में सीमा चिन्हांकित कर काबिज किया गया था उन ग्राम वासियों को वन विभाग द्वारा कृषि कार्य से रोके जाने, ग्रामवासी को परेशान करने का मुद्दा विधायक ने सदन में उठाया था जिसमें राज्य मंत्री एवं ए सी इस वन विभाग द्वारा अश्वत किया गया कि किसी भी ग्रामवासी को कार्य करने से नहीं रोका जाएगा एवं जो सार्वजनिक तालाब है उसका भी ग्रामवासी उपयोग कर सकेंगे। पन्ना विधायक की पहल से समस्त ग्राम वासियों में खुशी के लहर व्याप्त है।

### छत्रसाल स्टेडियम के विकास कार्यों के संबंध में बैठक आज

**जागरण, पन्ना।** सांसद निधि अंतर्गत छत्रसाल स्टेडियम पन्ना के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में शनिवार, 2 अगस्त को छत्रसाल स्टेडियम परिसर में सुबह 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग दमोह के कार्यपालन यंत्री द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# शिक्षा, साधना और समाजसेवा के 44 स्वर्णिम वर्ष देवेंद्रनगर को जीवन का केंद्र मानने वाले कंधीलाल गुप्ता को विदाई

### द्रवेन्द्रनगर में सम्मान समारोह, जीवन भर इसी नगर की मिट्टी से निभाया अटूट रिश्ता

**जागरण, देवेंद्रनगर।** शब्द जहाँ थम जाते हैं, वहाँ जीवन की साधना बोलती है। ऐसा ही एक प्रेरक जीवन आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में सम्मानित हुआ – वह जीवन, जो शिक्षा, सेवा, साधना और समाज के प्रति निष्ठा की मिसाल बना रहा। श्री कंधीलाल गुप्ता जी, जिन्होंने 44 वर्षों तक देवेंद्रनगर की धरती को कर्मभूमि बनाकर अपनी संपूर्ण जीवन यात्रा यहीं समर्पित की, आज विदाई के भावुक क्षणों का साक्षी बना।श्री गुप्ता की प्रथम नियुक्ति 11 मई 1981 को प्रयोगशाला सहायक के रूप में इसी विद्यालय में हुई थी। चार वर्षों पश्चात, 1985 में वे सहायक शिक्षक बने — और यहीं से प्रारंभ हुई एक अविरल सेवा-यात्रा, जो निष्ठा, कर्मठता और आत्मीय जुड़ाव की अमिट गाथा बन गई। मूलतः सारंगपुर (तहसील शाहनगर, जिला पन्ना) के निवासी श्री गुप्ता ने कभी स्थानांतरण या पदोन्नति की आकांक्षा नहीं की। उनके लिए देवेंद्रनगर सिर्फ कार्यक्षेत्र नहीं, आत्मिक संबंधों की भूमि रही। इसी गहरे जुड़ाव ने उन्हें यहीं बसने को प्रेरित किया। आज वे अपना स्वयं का मकान बनाकर देवेंद्रनगर को स्थायी निवास बना चुके हैं।

**श्री गुप्ता केवल शिक्षक नहीं रहे :** वे जीवन के शिक्षक रहे। 1997 में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य से दीक्षा लेकर उन्होंने शांतिकुंज हरिद्वार से जुड़ते हुए गायत्री परिवार की साधना को अपने जीवन का ध्येय बना लिया। उनकी प्रेरणा से देवेंद्रनगर में गायत्री परिवार का निरंतर विस्तार हुआ। पन्ना गायत्री शक्ति पीठ से गहरे जुड़ाव के साथ उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों और यज्ञों की परंपरा को सशक्त किया। वर्ष 2000 में उनकी साधना से प्रेरित होकर श्रीराम मंदिर समिति ने गायत्री परिवार को स्थायी स्थान प्रदान किया, जो आज आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बन चुका है।

**परिवार और कर्तव्य में संतुलन का आदर्श :** एक संयुक्त परिवार के सबसे बड़े पुत्र के रूप में उन्होंने अपने चार भाइयों और छह बहनों की परवरिश और विवाह की ज़िम्मेदारी पिता की तरह निभाई। पारिवारिक दायित्वों और शासकीय सेवा के बीच उन्होंने कभी संतुलन नहीं खोया। आज उनके परिवार में पत्नी श्रीमती अनीता गुप्ता, बेटा निखिल, तथा तीन बेटियाँ — स्वर्णिका (रुचि), रेणुका और एक कनिष्ठ पुत्री हैं, जिनमें से दो का विवाह हो चुका है।

**सेवा-निवृत्ति पर गरिमामय समारोह :** आज आयोजित विदाई समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में शिक्षकों, विद्यार्थियों, परिजनों और नगरजनों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विशिष्ट अतिथियों में पं. आशाराम शर्मा, आई.एच. उस्मानी, रामलखन शुक्ला, पं. उमेश शर्मा, आई.के. जैन, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आर.के. पांडेय, तथा गायत्री परिवार पन्ना के मुख्य ट्रस्टी फूल सिंह और जिला समन्वयक एल.डी. सिंह उपस्थित रहे। श्री गुप्ता की माता श्रीमती शांति देवी, बहन सरोज, भांजे-भांजियाँ, पत्नी अनीता गुप्ता, बेटा निखिल, बेटियाँ स्वर्णिका और रेणुका, सहित परिवार के अन्य सदस्य इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु और शिक्षण परिवार की गरिमामय उपस्थिति ने समारोह को गौरवशाली बना दिया।

**अटूट नाता देवेंन्द्रनगर से :** अपने उद्बोधन में श्री गुप्ता ने कहा देवेंन्द्रनगर सिर्फ मेरा कार्यक्षेत्र नहीं, मेरा परिवार है, मेरा आत्मीय घर है। यहां की मिट्टी, यहां के लोग, यहां की चेतना इन सबसे इतना जुड़ाव है कि इस नगर को छोड़ने का विचार कभी मन में नहीं आया। सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्होंने यहीं रहकर समाजसेवा और आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर रहने का संकल्प लिया है।

**एक प्रेरक विरासत :** कंधीलाल गुप्ता की जीवन यात्रा उन असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सेवा को साधना मानते हैं और कर्म को पूजा। वे एक ओजस्वी वक्ता, श्रद्धावान साधक, कर्मनिष्ठ शिक्षक और समर्पित परिवार पुरुष के रूप में देवेंद्रनगर के हृदय में सदैव अमिट रहेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस आयोजन के लिए हुई बैठक

### कलेक्टर ने गरिमामय आयोजन के संबंध में दिए निर्देश, सौंपे दायित्व



**जागाण, पन्ना।** पन्ना जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए आज कलेक्टेऊ्ट सभाकक्ष में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने मुख्य समारोह सहित जिले भर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा विभिन्न दायित्व भी सौंपे। स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए समिति का गठन कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व भी सौंपा गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना तथा रक्षित निरीक्षक भी शामिल हैं। बैठक में सभी कार्यालय प्रमुखों को ध्वज संहिता के प्रावधान अनुसार ध्वजारोहण के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 2 अगस्त से नियमित रूप से रिहर्सल प्रारंभ की जाएगी। परेड में शामिल होने के लिए फुल डेऊ्स रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से होगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि पुलिस परेड ग्राउण्ड पन्ना में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह होगा। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। कार्यालय प्रमुखों द्वारा शासकीय कार्यालयों में सुबह 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य समारोह स्थल पर बेरीकेटिंग, बैठक व्यवस्था, वाटरप्रूफ टेंट लगाने, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यक्रम के संचालन, शुद्ध पेयजल एवं स्वल्पाहार व्यवस्था, परेड निरीक्षण सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जनप्रतिनिधियों, अतिथियों तथा अन्य गणमान्यजनों को विधिवत आमंत्रित करने, साफ-सफाई व्यवस्था, फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती, बेहतर यातायात व्यवस्था इत्यादि के निर्देश भी दिए। इसके अलावा आमंत्रण पत्र के वितरण, अन्य कर्मचारियो की ड्यूटी तय करने, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने, शासकीय भवनों में रोशनी व्यवस्था के संबंध में भी दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय में भी गरिमामय ढंग से आयोजित किए जाएंगे। जनपद एवं नगरीय निकाय मुख्यालय पर भी ध्वजारोहण होगा। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शासकीय दायित्वों का बेहतर निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया जाएगा। इसके लिए भी चयन समिति गठित की गई है। सभी विभाग प्रमुखों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरूस्कार हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की सूची अनिवार्य रूप से आगामी 11 अगस्त तक प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए। विभिन्न शासकीय विभागों के सहयोग एवं समन्वय से समाज हित में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को भी पुरूस्कृत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सांईं कृष्ण एस थोटा सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मैं तो आदिवासी भैया सिंगरौली क रहैय्या...





## सासन पावर लिमिटेड के डीएवी पब्लिक स्कूल सूर्य विहार मुन्शी प्रेमचन्द जयंती पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

### राकेश श्रीवास्तव सिविल हेड, जितेन्द्र प्रसाद सेफ्टी हेड, अनुराग केशरी, निशान्त गुप्ता ट्रेनिंग हेड ने कवियों को दिया सम्मान

**जागरण, बैढ़न**

सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन मोहापात्रा के कुशल नेतृत्व एवं स्टेशन डायरेक्टर सुब्रता घोष के कुशल मार्गदर्शन में संचालित निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियो के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल सूर्यविहार में कथा संम्राट मुंशी प्रेमचन्द्र एवं गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें सिंगरौली जिला के दर्जनों कवियों, साहित्यकारो की अनुपम उपस्थिति रही जिन्होने अपनी काव्य प्रस्तुति से कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द्र एवं गोस्वामी तुलसीदास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और माहौल खुशनुमा बना दिया। उपस्थित साहित्यकारो ने सासन पावर एवं डीएव्ही पब्लिक स्कूल के इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुंशी प्रेमचन्द्र की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि बंशराज सिंह सरपंच तियरा एवं जागवली सिंह वश्य, फुज़ैल अहमद जीएम सीएसआर एवं विद्यालय के प्राचार्य मृत्युजंय कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया । तत्पष्चात आगंतुक कवियों का स्वागत पुष्पगुच्छ श्रीफल एवं शाल भेंट कर किया गया । कवि सम्मेलन की गरिमा में चार-चॉद लगाने हेतु कवियों द्वारा हास्य, व्यंग, श्रृंगार, वीर रसों पर शानदार कविताओं की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के बच्चो द्वारा आये अतिथियो का संगीतमय प्रस्तुति से स्वागत किया गया। इसी कडी मे वरिष्ठ कवि शंकर प्रसाद शुक्ल के काव्य संग्रह पुष्पांजलि का उपस्थित साहित्यकारो द्वारा गरिमामय विमोचन किया गया। कवियत्री सुश्री विभा तिवारी ने सरस्वती वंदना कर काव्य पाठ प्रारंभ किया । कवियों की श्रेणी में प्रवीण तिवारी श्रृंगार रस श्रीमती तारावती शर्मा जीविनी प्रेमचन्द्र, के. पी. सोनी गजलकार राममिलन उपाध्याय हास्य रस, सुश्री विभा तिवारी ओज रस प्रविन्दू दुबे चंचल व्यंगकार नारायणदास विकल गीतकार द्वारा कैसे कह दू आप से कोई भी लाचारी नही शंकर प्रसाद शुक्ल आध्यात्मिक रचना रामखेलावन मिश्रा गीतकार श्रीकमल शुक्ल अज्ञान हास्य रस सुरेश मिश्र गौतम छंदकार मनोहरलाल वर्मा गीतकार द्वारा सिंगरौली के ग्रामीण आदिवासी परिवेश पर आधारित गीत मै तो आदिवासी भैया सिंगरौली क रहैय्या जिले के जाने-माने लब्ध प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी शानदार कविताओं का वाचन किया । साथ ही साथ रिलायंस सासन पावर परियोजना के रमेश कुमार सिंह, युवा साहित्यकार राकेश कुषवाहा द्वारा बंजर धरती मे फूल खिलाये जनता ने कविता का क्रातिंकारी पाठ किया तथा जनपद प्रतिनिधि नंदकिशोर सिंह नंदे ने पैसा पैसा करता इन्सान , प्रविन्दु दुबे चंचल ने भीतर है अधियारा षीर्षक से बाहर निकला शहर घुम ली घूमा हर गलियारा तथा कलम तुम्हारी रोई होगी प्रेमचंद तम्हे प्रणाम कविता का बहुत उत्साह पूर्वक कविता पाठ किया । सम्पूर्ण कवि सम्मेलन का संचालन श्रीकमल शुक्ला द्वारा किया गया तथा वरिष्ठ गीतकार मनोहरलाल वर्मा ने अध्यक्षीय टिप्पणी करते हुये आयोजक समूह का आभार व्यक्त किया । इन कवियों के शानदार प्रस्तुति से विद्यालय प्रांगण काव्यमय हो उठा । कवियों की प्रस्तुति बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं मनमोहक रही । विद्यालय के षिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा काव्य पाठ में सहभागिता की गई, कक्षा 12 वी के छात्र वरूण तिवारी का दशभक्ति से भरा कविता पाठ श्रोताओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा । कवियों को सासन पावर परियोजना के सीएसआर विभाग द्वारा उपहार एवं सम्मान राशि प्रदान की गई । कवि सम्मेलन के दौरान सासन पावर परियोजना की ओर से राकेश श्रीवास्तवसिविल हेड, जितेन्द्र प्रसाद-सेफ्टी हेड, अनुराग केशरी-कॉक्टेऊ्ट हेड, निषान्त गुप्ता ट्रेनिंग हेड एवं विवेक प्रधान, कवियो का उत्साहवर्धन करते रहे । आयोजन का संचालन विद्यालय की शिक्षिका रंजीता कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती किरण दिक्षीत द्वारा किया गया । शांति पाठ के पश्चात् कवि सम्मेलन सफलता पूर्वक समापन हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने मे सीएसआर टीम के नृपेन्द्र पान्डे, आशीष गुप्ता,हृदयलाल शाहू, अमित दुबे, मिथिलेष शाह,डी.डी.दुबे,ष्याम सुन्दर पनिका का सराहनीय योगदान रहा।



# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस विंध्यनगर स्कूल रही प्रथम विजेता

## महारानी लक्ष्मीबाई बरगवां विद्यालय को मिला द्वितीय स्थान

**जागरण, बैढ़न।** जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में उमंग भवन एनटीपीसी में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में एमपी बोर्ड केन्द्रीय बोर्ड एवं अन्य बोर्ड अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं अध्ययनरत छात्र छात्राएं शामिल हुए। विदित हो कि जिले के 153 शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के 459 छात्रों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कराया गया था। प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्राओं के लिए प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक का रिपोर्टिंग टाइम दिया गया एवं प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित हुई। वहीं द्वितीय चरण में मल्टी मीडिया क्विज राउंड का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के परिणाम के लिए चयनित किए गए चयनकर्ताओं द्वारा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें तीन विद्यालय विजेता रही वही तीन विद्यालयों ने उपविजेता के रूप में स्थान प्राप्त किया । प्रथम विजेता का स्थान डीपीएस विंध्यनगर स्कूल को प्राप्त हुआ वहीं दूसरा स्थान महारानी लक्ष्मीबाई बारगवां विद्यालय एवं तृतीय स्थान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर को प्राप्त हुआ। उपविजेता के रूप में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न डीएवी अमलोरी शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक बैढ़न को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेताओं को पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश एसडीएम सृजन वर्मा के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह लोकसेवा प्रबंधक रमेश पटेल कविता त्रिपाठी एडीओ सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों का सक्रिय योगदान रहा।

# बृजेश और संगीता ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता

## प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर किया पार्टी में स्वागत



**जागरण, बैढ़न।** बृजेश कुमार पनिका और उनकी धर्मपत्नी संगीता कुमार पनिका ने आज आम आदमी पार्टी के रीति नीति और कार्य से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर बृजेश कुमार पनिका एवं संगीता कुमारी पनिका का प्रदेश अध्यक्ष एवं महापौर सिंगरौली श्रीमती रानी अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रतीभान ने माल्यार्पण कर उनका पार्टी में स्वागत किया बृजेश और संगीता ग्राम पंचायत डिगवाह के निवासी हैं। इस अवसर पर खुर्शीद आलम पार्षद एव मेयर इन काउंसिल सदस्य नगर निगम सिंगरौली नीरज कुशवाहा यूथ जिला अध्यक्ष एवं प्रियांशु सिंह बघेल वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# बैढ़न बाजार की समस्याओं का समाधान कराए जाने को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**जागरण, बैढ़न।** आज संयुक्त व्यापार मंडल बैढन के द्वारा एक ज्ञापन आयुक्त नगर पालिक निगम सिंगरौली के नाम से दिया गया जिसमें वैढन बाजार की समस्याओं का समाधान कराई जाने को लेकर हेतु कई बिंदुओं पर ध्यान कराया गया । प्रतिलिपि कॉपी जिला कलेक्टर एवं महापौर को सौपा गया। ज्ञापन वार्ड नंबर 40 में स्थित जय स्तंभ शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण हुए लगभग 40 से 42 वर्ष हो चुका है दुकाने जर्जर अवस्था की स्थिति में हो गई है जो कि छत एदीवाल छज्जा की छपाई आदि गिरते रहते हैं यहां तक की छत की सरिया तक भी दिखाई देने लगी है । इसे बाजार का हृदय स्थल कहा जाता है इस जगह पर नए सिरे से पीपीपी मॉडल के तर्ज पर दुकानें बनाई जाए नए सिरे से दुकानें बनने पर काफी मात्रा में दुकानें निकल आएंगे जिससे शहर का सौंदर्यकरण के साथ- साथ विकास भी होगा। प्राथमिकता के आधार पर जय स्तंभ में रह रहे दुकानदारों को पहले दुकाने दी जाए इसके बाद बचे हुए दुकानों को अन्य लोगों को दी जाए। न्यायालय के सामने लगभग 30.-32 साल पूर्व दुकानें बनाई गई थी जो की वर्तमान में वह समस्त दुकाने जर्जर स्थिति में हो चुकी है जिससे आए दिन छत छज्जा की छपाई गिरते रहते हैं जिससे कभी भी जान माल का खतरा हो सकता है इसलिए समय रहते हैं दुकानों का नए सिरे से निर्माण कराया जाना आवश्यक होगा। यहां रह रहे दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर दुकान देने के बाद ही अन्य दूसरे लोगों को दुकाने दी जाए। दुकाने नए सिरे से बनने पर शहर का सौंदरीय करण एवं विकास भी दिखेगा। वैढन बाजार में स्थित सब्जी मंडी गल्ला मंडी परिसर के अंदर सब्जी की थोक एवं फुटकर दुकानें संचालित थी किंतु कुछ वर्ष पूर्व थोक सब्जी मंडी को हटाकर कृषि उपज मंडी बिलौंजी में शिफ्ट कर दिया गया था उसी समय से सब्जी मंडी की जगह पर परचून जूता चप्पल की दुकाने लगने लग रही है जो कि एक एक दुकानदार 30 से 40 फीट तक जगह कब्जा कर लिए है जिससे फुटकर सब्जी विक्रेता अपनी दुकान रोड पर लगा रहे हैं इससे आवागमन बाधित हो रहा है यदि बाहर रोड पर लग रही सब्जी दुकानदारों को टीन सेड में एक निश्चित जगह नापी कर दे दिया जाए तो सब्जी दुकानें व्यवस्थित के साथ साथ अन्य समस्त दुकान भी लग जाएगी और आवागमन हेतु सड़के खाली हो जाएंगी। प्रत्येक दुकानदारों को टीन सेड में एक निश्चित जगह का सफेद पट्टी चिन्हित कर दिया जाए तथा अंदर में अन्य जगह भी खाली है वहां पर भी टीन सेड निर्माण करा दिया जाए ताकि अन्य सभी दुकानें ठीक तरह से लग सके। शहर के विकास को देखते हुए उपरोक्त बिंदुओं पर जिला कलेक्टर आयुक्त एवं महापौर का ध्यान इस संदर्भ में आकृष्ट कराया गया है। ज्ञापन देने वालों में संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजाराम केसरी पूर्व पार्षद हरिदास गुप्ता उपाध्यक्ष अभिलाष जैन सचिव अजय जायसवाल रमेश चंद जायसवाल स्वर्ण सिंह उपस्थित रहे।

# 150 बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी भी प्रदान की गई

## अदाणी फाउंडेशन द्वारा होनहार स्कूली बच्चों को नि:शुल्क खेल सामग्री एवं स्टेशनरी का वितरण



**जागरण, बैढ़न।** अदाणी फाउंडेशन ने सिंगरौली जिले के बुधेला गांव स्थित वीणावादिनी पब्लिक स्कूल के छात्र.छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क खेल सामग्री और स्टेशनरी का वितरण किया। स्पोर्ट्स किट में बैडमिंटनए फुटबॉल और वॉलीबॉल सहित कई खेल सामग्री शामिल थीं। साथ ही लगभग 150 बच्चों को निःशुल्क स्टेशनरी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सिंगरौली के क्षेत्रीय अधिकारी की उपस्थिति में पर्यावरण जन जागरण एवं जागृति क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उल्लेखनीय है कि सिंगरौली जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित वीणावादिनी पब्लिक स्कूल में करीब 150 छात्र.छात्राएं अध्ययनरत हैं। इस विद्यालय की विशेषता यह है कि यहां पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे दोनों हाथों से 5 भाषाओं में लिखने की अद्भुत कला में दक्ष हैं। यहां 100 से अधिक छात्र.छात्राएं एक साथ अलग.अलग भाषाओं में दोनों हाथों से लिख सकते हैं। विद्यालय को अनोखा बनाने में प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जब इस विद्यालय की विशिष्टता के बारे में अदाणी ग्रुप सिंगरौली के चीफ ऑफ क्लस्टर केहर सिंह को जानकारी मिली तो उन्होंने इन प्रतिभावान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य बीरांगद शर्मा और क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा की उपस्थिति में पर्यावरण जागरूकता क्विज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान श्री मेहरा ने छात्रों को पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। ऐसी गतिविधियों से न केवल विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होता है बल्कि बच्चों में भी जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। गौरतलब है कि शिक्षा के द्वारा पर्यवारण जागरूकता का प्रचार.प्रसार सरलता और प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। पर्यावरण के प्रति जागरूक बनानेवाले कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को इसके प्रति संवेदनशील बनाना प्रमुख उद्देश्य है। शिक्षा द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम को सरकार ने भी विभिन्न स्तर पर शुरू किया है।

# वैश्य महासम्मेलन महिला जिला इकाई ने मनाया गया तीज कार्यक्रम



**जागरण, बैढ़न।** वैश्य महासम्मेलन महिला जिला इकाई द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम महिलाओं के द्वारा मनाया गया जिसमें वैश्य समाज के सभी पदाधिकारी में मौजूद रहें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर भगवान जी को माल्यार्पण कर सभी बहनों ने आरती उतारी इसके बाद महिलाओं ने खूब इंजॉय किया जिसमें हाउजी गेम एवं रनिंग चेयर गेम किया गया जिसमें महिलाओं ने भरपूर आनंद लिया इसके बाद सभी ने हरियाली का नित्य कर अच्छे से हरियाली तीज को मनाया सभी बहनों को राखी बांधा गया टीका लगाकर एवं हाउजी गेम की तीन विनर रही फर्स्ट विनर विमला साह सेकंड विनर जया सहावल थर्ड विनर अनीता गुप्ता एवं वहीं पर रनिंग चेयर की विनर फर्स्ट विनर सोना गुप्ता सेकंड विनर सीमा केसरी एवं थर्ड विनर मनोरमा शाहवाल रही सभी बहनों ने नाश्ता एवं भोजन का आनंद लेते हुए अंत में वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने सभी बहनों का आभार प्रकट किया प्राइस एवं सुहाग का सामान गिफ्ट देकर सभी बहनों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए सभी ने अपने घर में कार्यक्रम में वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता कोषाध्यक्ष उषा गुप्ता शहर कोषाध्यक्ष सीमा केसरी जिला मंत्री मधु जायसवाल जिला मंत्री सरला सोनी सीता सरिता शाह नंदनी शाह किरण केसरी सोना गुप्ता जयालक्ष्मी आरती विमला साह साधना केसरी गंगा देवी सरोज शाह कल्पना सिंह मनोरमा शाहवाल उमा गुप्ता प्रतिमा अग्रवाल सुनीता गुप्ता एवं अन्य बहुत सी महिलाएं उपस्थित रही।

# डीपीएस निगाही के विद्यार्थियों की पीएसवाई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 25 में शानदार सफलता



**जागरण, निगाही।** डीपीएस निगाही के विद्यार्थियों की पीएसवाई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 25 में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है पीएसवाई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 25 में डीपीएस निगाही के विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है प्रत्युषा पायसी आदर्श श्रीवास्तव अक्षिता पांडेय अभिज्ञान तिवारी अभय पाण्डेय सत्यम् आनंद अर्नव द्विवेदी विद्यालय का गौरव बढ़ाया है प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इन होनहार विद्यार्थियों को रीवा कलेक्ट्रेट में आयोजित सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बी.एस. जामोद संभागायुक्त रीवा एवं श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्टर रीवा ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि ये सभी छात्र डीपीएस निगाही के गणित शिक्षक अनिल कुमार पांडेय के साथ रीवा गए थे जहाँ इनकी उपलब्धियों की भूरी.भूरी प्रशंसा की गई। विद्यालय को जिला सिंगरौली में सर्वाधिक सहभागिता के लिए विशेष प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ। साथ ही इस बात के लिए विशेष सराहना की गई कि डीपीएस निगाही से सर्वाधिक संख्या में विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार समस्त विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक राजीव अकोटकर हुए सेवानिवृत्त




**जागरण, शक्तिनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक राजीव अकोटकर अपने लगभग 36 वर्षों के शानदार और प्रेरणादायी करियर के बाद सेवानिवृत्ति ग्रहण की। सन् 1988 में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज जबलपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद राजीव अकोटकर ने अपनी करियर यात्रा की शुरुआत 1989 में एनटीपीसी के सीसी.ईओसी नोएडा में ईटी ट्रेनी के रूप में की और लगातार कड़ी मेहनत ईमानदारी और समर्पण के साथ विभिन्न विभागों व विंध्याचल नबीनगर सोलापुर तथा सिंगरौली जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए संगठन की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका कुल सेवा काल लगभग 36 साल रहा। 2023 में श्री अकोटकर को एनटीपीसी सिंगरौली के हेड ऑफ प्रोजेक्ट के रूप में नियुक्त किया गया तथा 2025 में उन्हें कार्यकारी निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में स्थानीय मनोरंजन केंद्र में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के सभी वरिष्ठ अधिकारियों सहकर्मियों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस सम्मानजनक अवसर पर अपने उद्बोधन में राजीव अकोटकर ने कहा कि यह पद और यह सम्मान केवल मेरा नहीं उन सभी साथियों का भी है जिन्होंने मेरे साथ मिलकर संगठन को आगे बढ़ाया। मैं एनटीपीसी की कोर वैल्यूज मिशन और विज़न को लेकर सदैव प्रतिबद्ध रहा हूं और आगे भी इसकी सफलता की कामना करता रहूंगा। इस अवसर एनटीपीसी सिंगरौली परिवार द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत स्वस्थ सक्रिय और सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी गयीं। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुग्रह मिश्रा उप प्रबन्धक मानव संसाधन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं राजभाषा ने किया जिसमें उन्होने कहा किए श्री अकोटकर का समर्पण नेतृत्व क्षमता और सहज व्यक्तित्व एनटीपीसी परिवार के लिए एक प्रेरणा का स्रोत रहा है। हमारा पूरा एनटीपीसी सिंगरौली परिवार उन्हें सेवानिवृत्ति के उपरांत स्वस्थ सक्रिय और सुखद जीवन की शुभकामनाएं देता है। इसके पश्चात् उन्होंने श्री अकोटकर के सम्मान में लिखी अपनी एक स्वनिर्मित कविता का पाठ किया जिसने समूचे वातावरण को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफबास्टियन मुख्य महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एंड एडीएम रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीई एंड रसायन सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं एनटीपीसी कर्मचारियों के परिवार जन आदि सम्मिलित रहे।

# जसप्रीत बुमराह टीम से रिलीज एशिया कप में खेलना संदिग्ध

जेएनएन, लंदन/नई दिल्ली



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से फारिग (रिलीज) कर दिया गया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 साल के बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। बीसीसीआई ने शुक्रवार को बताया, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया। बुमराह ने इस सीरीज में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं। भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले ही चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने बताया था कि बुमराह अपने कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचाने के लिए) के तहत पांच में से तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। भारत को अपना अगला अंतरराष्ट्रीय मैच एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में खेलना है। अगर बुमराह इस टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो यह हैरानी की बात होगी, क्योंकि यूएई में होने वाले इस टूर्नामेंट के खत्म होने के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अगली टेस्ट सीरीज शुरू हो जाएगी। एशिया कप 29 सितंबर को खत्म होगा और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। इसके बाद दूसरा मैच 10 से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली में खेला जाएगा। फिर नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच हैं। भारतीय टीम के चयन प्रक्रिया की समझ रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि यह एक मुश्किल फैसला होगा, लेकिन बुमराह को टेस्ट क्रिकेट पसंद है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर हैं। जहां तक टी-20 का सवाल है, वह जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेल सकते हैं, जो टी-20 वर्ल्ड की तैयारियों के लिए अहम होगा। उन्होंने ने कहा, बुमराह अगर एशिया कप खेलते हैं और मान लीजिए कि भारत फाइनल में पहुंच जाता है,तो अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल होगा।

**इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में खेले तीन टेस्ट, कुल 14 विकेट लिए**

# खालिद जमील भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच, 13 साल का इंतजार खत्म

## नए कोच पर भारतीय टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने की कठिन चुनौती

जेएनएन, नई दिल्ली

खालिद जमील को शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। खालिद इस तरह से पिछले 13 साल में इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय बन गए। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच का पद संभालने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जो 2011 से 2012 तक इस पद पर रहे। उनके सामने अब भारतीय टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने की कठिन चुनौती होगी। भारत का पिछले कुछ महीनो में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के प्रभारी 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने इस पद के लिए चुना। भारतीय टीम का कोच बनने की दौड़ में जमील के अलावा भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्लोवाकिया के मुख्य कोच रह चुके स्टीफन टारकोविच शामिल थे। अपने जमाने के दिग्गज स्ट्राइकर आईएम विजयन की अगुआई वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। एएफसी प्रो लाइसेंस डिप्लोमा धारक जमील स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जो भारत के हाल में खराब प्रदर्शन के बाद अपने पद से हट गए थे।

### कार्यकाल अभी तय नहीं हुआ : चौबे



एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बैठक के बाद कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने खालिद जमील को नया मुख्य कोच चुना है, लेकिन उनका कार्यकाल अभी तय नहीं हुआ है। हम इस पर आपस में चर्चा के बाद फैसला करेंगे। हमें उनके वेतन पर भी चर्चा करनी है। जमील तीन साल का कार्यकाल चाहते थे। कुछ सदस्यों ने कहा कि यह एक या दो साल का हो सकता है। उनका कार्यकाल दो या तीन साल का हो सकता है। यह टीम के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि जमील राष्ट्रीय टीम के पूर्णकालिक मुख्य कोच होंगे और किसी अन्य क्लब से नहीं जुड़ेंगे। जमील के पूर्ववर्ती मनोलो ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान दोहरी भूमिका निभाई थी। जब राष्ट्रीय टीम के कोई मैच नहीं थे तब उन्होंने आईएसएल टीम एफसी गोवा की कमान संभाली थी।

- जमील की नई भूमिका में पहला काम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप होगा, जो 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में खेला जाएगा। जमील लंबे समय से भारतीय फुटबॉल से जुड़े हुए हैं। कोच के रूप में अपने एक दशक से भी अधिक समय के करियर की उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि आइजॉल एफसी के साथ 2016-17 का आई-लीग खिताब जीतना था। तब इस क्लब ने मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और बेंगलुरु एफसी जैसी बड़ी टीमों को हराया था।
- मुंबई के रहने वाले जमील को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कोचिंग का अच्छा खासा अनुभव है। उनके कोच रहते हुए 2020-21 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और 2024-25 में जमशेदपुर एफसी ने आईएसएल के प्लेऑफ जगह बनाई थी। उन्हें अब भारतीय टीम के प्रदर्शन में सुधार लाना होगा।
- भारतीय टीम 10 जून को एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के एक मैच में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग से 0-1 से हार गई थी और उस पर अब 2027 में होने वाली महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। सीएएफए नेशंस कप के बाद भारत नौ और 14 अक्टूबर को सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच खेलेगा।

## मैदान से हटकर

### मैंने धोखा नहीं दिया, तलाक के बाद आत्महत्या के विचार भी आए: चहल





भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने धनश्री वर्मा से तलाक के बाद मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के साथ अपने संघर्ष के बारे में खुल कर बात की है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया है कि उन्होंने कभी किसी को धोखा नहीं दिया और जिंदगी के इस उथल-पुथल भरे दौर में उनके मन में आत्महत्या के विचार भी आए थे। चहल ने राज शामानी पॉडकास्ट पर अपने निजी जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर बात की और कहा कि तलाक का फैसला अचानक नहीं लिया गया था, बल्कि कुछ समय से इस पर विचार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि तलाक के बाद मुझे धोखेबाज कहा गया। लेकिन मैंने जिंदगी में कभी किसी को धोखा नहीं दिया। मैं बेहद वफादार रहा हूं। शायद मैं दूसरों से ज्यादा वफादार हूं। इस 34 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा कि तलाक के बाद वह भावनात्मक रूप से टूट चुके थे। चहल ने कहा, मेरे मन में आत्महत्या के विचार आते थे। मैं अपनी जिंदगी से उब चुका था। मैं दिन में कई बार रोता था और बस दो घंटे सोता था। ऐसा 40 दिन से भी अधिक समय तक चला। मुझे घबराहट और अवसाद के दौरे पड़ते थे। सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते थे कि मैं किस दौर से गुजर रहा था। चहल ने बताया कि उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लेने पर विचार किया था क्योंकि मानसिक तनाव के कारण वह ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने तलाक के फैसले पर पहुंचने के संबंध में कहा कि दोनों पक्षों की बढ़ती व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं ने इसमें अहम भूमिका निभाई। चहल ने कहा कि ऐसा कुछ समय से चल रहा था। हमने तय किया कि जब तक हम पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो जाते, हम सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहेंगे। (जेएनएन)

# पांच रन पर चार विकेट गंवाकर पहले टी-20 में पाकिस्तान से हारा वेस्टइंडीज

## नवाज ने एक ओवर में लिए तीन विकेट, अयूब का अर्धशतक, दो विकेट भी लिए

जेएनएन, लॉडरहिल (अमेरिका)

पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैम अयूब के 38 गेंदों पर 57 रन की बदौलत छह विकेट पर 178 रन बनाए। वेस्टइंडीज इसके जवाब में अच्छी शुरुआत से बावजूद सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (35) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण कर रहे 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रयू (35) ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते वेस्टइंडीज को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन अपने पहले तीन ओवरों में 20 रन देने वाले मोहम्मद नवाज ने नाटकीय ढंग से मैच का रुख पलट दिया। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एक ओवर में तीन विकेट लिए। उन्होंने 12वें ओवर की शुरुआत में एंड्रयू को आउट किया और फिर चौथी तथा पांचवीं गेंद पर चार्ल्स और गुडाकेश मोती (00) के विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया। कप्तान शाई होप (02) ने अगले ओवर में अयूब की फुल गेंद पर कैच थमा दिया। इस तरह से वेस्टइंडीज ने पांच रन पर चार विकेट गंवा दिए। नवाज ने 23 रन देकर तीन, जबकि अयूब ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। जेसन होल्डर (12 गेंदों पर नाबाद 30 रन) ने चार छक्के लगाए और शमर जोसेफ ने 12 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए, लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा टी-20 मैच शनिवार और रविवार को लॉडरहिल में ही खेले जाएंगे।




### वेस्टइंडीज से 2017 से नहीं हारा है पाक

पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी हार एक अप्रैल 2017 को पोर्ट ऑफ स्पेन में मिली थी, तब वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था। तब से अब तक पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 12 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें से 9 में पाकिस्तान ने जीत हासिल की, जबकि 3 बेनतीजा रहे। दिसंबर 2021 से अब तक दोनों टीमों के बीच 4 टी-20 इंटरनेशनल मैच हुए, जिनमें से सभी में पाकिस्तान ने जीत हासिल की।

# गॉफ एक और संघर्षपूर्ण जीत से अंतिम 16 में पहुंची

**मॉन्ट्रियल, जेएनएन।** कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया। गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया। अमेरिका की मैककार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6 (5), 6-4 से हराकर उलटफेर किया। अगले दौर में केसलर का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक ने ऑस्ट्रेलिया की 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 3-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया। यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का ने आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-5, 6-4 से हराया। उनका सामना अब कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को 6-0, 7-6 (5) से पराजित किया। एक अन्य मैच में दसवीं



वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने रूस की कामिला राखीमोवा को 7-5, 6-2 से हराया।

# लक्ष्य और मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग बाहर

**मकाऊ, जेएनएन।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उदीयमान तरुण मन्नेपल्ली ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी। अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा, जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के चूंग होन जियान और हेकल मुहम्मद से 14-21, 21-13, 20-22 से हारकर बाहर हो गई। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था। लक्ष्य को विश्व रैंकिंग में 77वें स्थान पर काबिज चेन को हराने में काफी मेहनत करनी पड़ी।



# श्रेयस, गायकवाड़, जायसवाल और सरफराज की मौजूदगी वाली पश्चिम क्षेत्र की कमान शार्दुल को

**मुंबई, जेएनएन।** भारत और मुंबई के हरफनमौला शार्दुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुआई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे, जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे। इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है।

पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था, तो सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता टीमों का चयन करते थे, लेकिन अब टीमों का चयन संबंधित क्षेत्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी का पिछली बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था तब दक्षिण क्षेत्र इसका विजेता बना था। टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से होगा। इसके क्वार्टर फाइनल मैचों में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र, जबकि मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा।

**पश्चिम क्षेत्र की टीम:** शार्दुल (कप्तान, मुंबई), जायसवाल (मुंबई), आर्या देसाई (गुजरात), हार्विक देसाई (विकेटकीपर, सौराष्ट्र), श्रेयस (मुंबई), सरफराज (मुंबई), रुतुराज (महाराष्ट्र), जयमीत पटेल (गुजरात), मनन हिंगराजिया (गुजरात), सौरभ नवाले (विकेटकीपर, गुजरात), शम्स मुलानी (मुंबई), तनुश कोटियान (मुंबई), धर्मेंद्रसिंह (सौराष्ट्र), तुषार देशपांडे (मुंबई), अर्जन नगवासवाला (गुजरात)।

## खेल एक नजर

### बीएफआई के चुनाव 21 अगस्त को एजीएम के दौरान होंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के लंबे समय से लंबित चुनाव 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होंगे। देश में इस खेल का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने यह घोषणा की। अंतरिम समिति के प्रमुख अजय सिंह द्वारा हस्ताक्षरित 31 जुलाई के परिपत्र के मुताबिक बीएफआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में आयोजित की जाएगी। इस एजीएम का एजेंडा पिछली बैठक के ब्यौरे पर सहमति जताने के साथ 2025-2029 की अवधि के लिए विभिन्न पदों का चुनाव और अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य कार्य पर मुहर लगाना है। बीएफआई के पिछले पदाधिकारियों का कार्यकाल इस साल दो फरवरी को समाप्त हो गया था। इससे पहले चुनाव 28 मार्च को निर्धारित किए गए थे, लेकिन कई अपीलों और जवाबी अपीलों सहित कानूनी विवादों के कारण प्रक्रिया रुक गई थी। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस खेल की वैश्विक संस्था 'विश्व मुक्केबाजी' ने भारतीय मुक्केबाजी के दिन-प्रतिदिन के मामलों के संचालन के लिए अंतरिम समिति का गठन किया था। उसने चुनाव कराने के लिए 31 अगस्त की समय सीमा तय की थी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया फिर से शुरू होगी, जिसकी शुरुआत मतदान सूची के गठन से होगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

# शीर्ष वरीयता भोपाल के निकलेश और मीतांश को पहले दिन बढ़त

### मध्यप्रदेश सीनियर फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल के निकलेश कुमार जैन और मीतांश दीक्षित ने मध्य प्रदेश राच्य सीनियर फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप-2025 के पहले दिन बढ़त बनाकर शानदार शुरुआत की। कोलार रोड स्थित प्राइड होटल में खेले जा रहे टूर्नामेंट में शुक्रवार को तीन राउंड पूर्ण होने तक सभी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपनी बढ़त बनाए रखने में सफल रहे हैं। इनमें निखिलेश, शाहिद अजमत, मीतांश, मुकेश कुमार सक्सेना, कुशाग्र श्रीवास्तव, फुलवानी हरीश भोपाल, सूरज चौधरी, वेदांत भारद्वाज, कामद मिश्रा, रिषभ मिश्रा, अवध चैतन्य, पीयूष रंजन दुबे, वैभव नेमा, देवांश सिंह, दिशांत जैन सहित अन्य कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। पहले चार बोर्ड के परिणामों में निकलेश ने अपार मकवाना को 1-0 से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। दूसरे बोर्ड पर कनिष्का को जबलपुर के कामद मिश्रा ने 1-0 से पराजित किया। तीसरे बोर्ड पर रिषभ ने शिवम जोशी को 1-0 से मात दी। चौथे बोर्ड पर भोपाल के मीतांश दीक्षित ने इंडोर के दर्शिल इयेर को 1-0 से हराकर अपनी स्थिति मजबूत की। कुल मिलाकर पहले चार बोर्ड पर अधिकांश शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी कपिल सक्सेना के साथ बड़े बोर्ड पर एक मैच खेलकर किया। इस अवसर पर मप्र चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल, एमपी अडहॉक कमेटी के चेयरमैन गुरमीत सिंह, भोपाल जिला शतरंज संघ के सचिव सतपाल सिंह खनूजा उपस्थित रहे।



- प्रतियोगिता में कुल 8 राउंड खेले जाएंगे और शीर्ष 4 खिलाड़ी गुंटूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली 62वीं नेशनल सीनियर चैंपियनशिप, 2025 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- 40 से अधिक जिलों से कुल 364 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भागीदारी कर रहे हैं। यह भोपाल के शतरंज इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी है। प्रत्येक राउंड में रोमांच देखते ही बनता था और मैचों को देखने बड़ी संख्या में दर्शक भी प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे।

### भारतीय पुरुष और महिला टीम 2026 डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके लंदन में विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए क्वालिफाई कर लिया। महिला और पुरुष वर्ग में 16 एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध थे। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्ण एशिया और पश्चिम एशिया से चार क्षेत्रीय चैम्पियन इसके लिए सीधे क्वालिफाई करते हैं। भारतीय महिला और पुरुष टीमें पांच देशों के राउंड रॉबिन प्रारूप वाले दक्षिण एशियाई टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। पुरुष टीम में आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बाण घोष, पीबी अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव थे, जिन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को 3-0 से हराया। महिला टीम में कृत्विका सिन्हा, एस सेल्वाकुमार, तनीषा कोटेचा, सयाली वानी और सिंड्रेल दास थे। उन्होंने इन्हीं चार टीमों को इसी अंतर से मात दी।

### वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

**सतना।** म0प्र0 शासन के निर्देशानुसार अगस्त माह के प्रथम कार्य दिवस शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरुआत हुई। इस मौके पर एसडीएम एलआर जांगडे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में शमिल होंगी

**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 2 अगस्त को प्रातः 10 बजे सतना से मझगवां के लिए प्रस्थान करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री प्रातः 10.30 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में आयोजित पीएम किसान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद राज्यमंत्री दोपहर 1.50 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल होंगी।

# जैतवारा पहुंची खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम, दो दुकानां से जब्त किये सेम्पल

जागरण सतना

शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम मोबाईल फूड सेफ्टी वैन के साथ जैतवारा कस्बा पहुचे। इस दौरान अधिकारियों ने गीता किराना स्टोर और राहुल किराना एवं नीरज किराना स्टोर में कार्यवाही कर सेम्पल जप्त किये है। बताया जाता है कि आगामी दिनो में आने वाले त्यौहारो के दौरान मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय न किया जाये। इस बात को लेकर फूड सेफ्टी की टीम ने शुक्रवार को कार्यवाही की है। हालांकि अधिकारियों के पहुचने की भनक लगते ही ज्यादातर होटल संचालक और दुकानदार अपनी अपनी दुकाने बंदकर भाग निकले।



## जप्त किये ये सेम्पल

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गीता किराना, नीरज किराना स्टोर से खाद्य तेल, पतंजली शहद मिसजैली, सोहाल पापडी, शक्कर, और घी के सेम्पल जप्त कर जांच के लिए राज्य प्रयोग शाला भोपाल भेजा है।

## दुकाने बंद होने से नही हो सकी जांच

बताया जाता है कि मिलावटी खाद्य पदार्थो की जांच करने पहुची टीम द्वारा किराना दुकानो में सेम्पलिंग की गई है। मगर अधिकतर दुकाने और होटल बंद होने से जांच की कार्यवाही पूरी नही हो सकी। कुछ यही हाल बिरसिंहपुर कस्बे का भी बताया जा रहा है। अधिकारियों के पहुचते ही बिरसिंहपुर में भी दुकाने और होटल लोगो ने बंद कर दिये थे। हालांकि विभागीय अधिकारी अब इन होटल संचालको और दुकानदारो को चिन्हित कर नोटिस भेजेगें जो अपनी दुकाने बंद कर भाग जाते है। शुक्रवार को हुई कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह एवं अशोक कुर्मी मौजूद रहे।

## जेईई, नीट और क्लेट की नि:शुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा आज

**जागरण सतना।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सतना ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आकांक्षा योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा जेईई, नीट और क्लेट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रवेश परीक्षा शनिवार 2 अगस्त 2025 को दोपहर 12.30 से दोपहर 2.30 बजे तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सोहावल संचालित स्थल भल्ला डेयरी फार्म के पीछे बदखर में आयोजित की जा रही है। जिसमें सतना एवं मैहर जिले के 44 छात्र-छात्रायें शामिल होंगे। सभी विद्यार्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन की प्रतिलिपि, आधार कार्ड की प्रतिलिपि, कक्षा 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति, जाति प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति परीक्षा केन्द्र पर जमा करना अनिवार्य रहेगा।

# रामपुर पुलिस ने पकड़ी 35 हजार से अधिक की शराब

### एक आरोपी गिरफ्तार बोलेरो भी जब्त

**जागरण सतना।** अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने उसके कब्जे से 35 हजार 910 रूपये की अवैध शराब और अवैध शराब बेचने में संलिप्त बुलेरो क्रमांक एमपी 04 सीजे 1148 को जप्त कर लिया है। आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं डीएसपी मुख्यालय मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में रामपुर पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है विवरण

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि चोरहटा अस्पताल के सामने बुलेरो में अवैध शराब बिक्री के लिए रखी हुई है जानकारी मिलते ही टीआई संदीप चतुर्वेदी ने टीम गठित कर बुलेरो क्रमांक एमपी 04 सीजे 1148 को पकड कर तलाशी तो 7 कार्टून में भरे 11 बोतल बियर, 22 पाव बैक पाइपर, 22 पाव 8पीएम, 83 पाव देशी प्लेन एवं 143 पॉव गोवा शराब जप्त की गई है। पुलिस ने आरोपी सिब्बू कुशवाहा पिता राज बहादुर कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम पोड़ी थाना नागौद हाल निवास धवारी गल्ली नम्बर 1 थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने 35 हजार 910 रूपये की अवैध शराब एवं साढे 5 लाख रूपये कीमत की बुलेरो जप्त की है।

# कोलगवां टीआई ने जब्त की 62 लीटर अवैध शराब

### एक आरोपी गिरफ्तार, आटो रिक्शा भी जब्त



**जागरण सतना।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने 62 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध शराब बिक्री में प्रयोग की जाने वाली आटो रिक्शा को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश, एएसपी डॉ शिवेश सिंह, एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस द्वारा की गई है।

## शिवम मैरिज गार्डन के पास से दौडाकर पकड़ा

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रामस्थान निवासी विकास त्रिपाठी लालरंग के ई-रिक्शा में अवैध शराब रखकर बिक्री के लिए बदखर बाईपास से रामस्थान की तरफ आ रहा है ऐसी सूचना पुलिस को मिली थी जिसके बाद कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कराते हुये आटो को रोक लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर एक व्यक्ति भाग निकला जबकि आटो लेकर भाग रहे ड्राईवर को पुलिस ने शिवम मैरिज गार्डन के पास से दौडाकर पकड़ा आटो चालक ने अपना नाम पंकज तिवारी पिता शिवकुमार तिवारी उम्र 24 निवासी गोरईया थाना कोटर का होना बताया। तलाशी लेने पर चार कार्टून अंग्रेजी गोवा शराब, दो कार्टून देशी प्लेन, एवं एक कार्टून में 46 सीसी प्लेन शराब पाई गई है। पकडे गये आटो चालक के कब्जे से ई-रिक्शा आटो क्रमांक एमपी 19 जेड जे 1980 कीमत 3 लाख रूपये एवं 10 हजार रूपये कीमत का एक मोबाईल जप्त किया है।

# तीन उप स्वास्थ्य केन्द्र एनक्यूएस में क्वालीफाइड



**जागरण सतना।** जिले के अंतर्गत आने वाले रामपुर बाघेलान के उपास्वास्थ्य केन्द्र सोनौरा, अमरपाटन के अंतर्गत आने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र बेला और उचेहरा के अंतर्गत आने वाले उपस्वास्थ्य केन्द्र बांधी मौहार एनक्यूएएस क्वालीफाइड हो गये है। बताया जाता है कि मुख्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी द्वारा इन उपस्वास्थ्य केन्द्रो के अमले को पूरा मार्गदर्शन दिया गया था। शायद यह उसी परिणाम है कि आज सतना व मैहर जिले के ये तीन प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र एनक्यूएस में क्वालीफाइड हुये है। बताया जाता है कि उक्त तीनो संस्थानो में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रानी सेन, प्रतिभापटेल एवं प्रमिला शुक्ला के द्वारा असेसमेंट करवाया गया।

## सीएमएचओ ने बताया कैसे देना है प्रश्नों के उत्तर



स्वास्थ्य विभाग के सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक इन तीनो अस्पतालो में असेसमेंट की तैयारी के लिए जिला स्तर से जिला सीपीएचसी सलाहकार डॉ प्राणेश तिवारी ने एनक्यूएएस से संबंधित सभी मॉपदण्ड के अनुसार तैयारी करवाई थी भारत सरकार द्वारा किये गये असेसमेंट की समस्त तैयारी व पूरा मार्गदर्शन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होने सामुदायिक अधिकारियों को यह तक बताया कि असेसमेंट के दौरान कैसे प्रश्नो के उत्तरदेना है।

# गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किये जाये चित्रकूट विकास के कार्य : कमिश्नर

### चित्रकूट में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचकर विकास कार्यों एवं परियोजना कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चित्रकूट का विकास राज्य शासन की प्राथमिकता का विषय है। चित्रकूट में चल रहे विकास परियोजनाओं और निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम एपी द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित, सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के राजेन्द्र मिश्रा, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। कमिश्नर रीवा संभाग श्री जामोद ने चित्रकूट विकास परियोजना के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगतिरत विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर चित्रकूट की समेकित विकास योजना का पावर पाइंट प्रजेन्टेशन भी दिया गया। बैठक के बाद कमिश्नर ने चित्रकूट विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण कर प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने चित्रकूट नगर के मुख्य मार्ग मोहकमगढ तिराहे से पीली कोठी तक बन रही उच्च स्तरीय सीमेंट कांक्रीट रोड के कार्य का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कामदगिरी परिक्रमा के निर्माण कार्य और अण्डर ग्राउण्ड इलेक्ट्रिफिकेशन के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने चित्रकूट के विकास कार्यों का निरीक्षण किया।


हृदय रोग OPD सीधी में
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेंट, मैक्स हास्पिटल एवं बी एल कपूर, हॉस्पिटल नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनिर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार 02 अगस्त को
परामर्श- • हार्ट अटैक • सीने का दर्द • ब्लड प्रेशर • डायबिटीज • सांस फूलना • दिल की धड़कन अनियमित होना • चक्कर आना • स्टेंट • पेसमेकर • वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग
हृदय रोग संबंधी लक्षण • हृदय एवं सीने में दर्द का अनुभव होना • आकस्मात हृदयघात (हार्ट अटैक) • सीने में जलन, जकड़न एवं भारीपन • सांस का अध्याधिक फूलना • धड़कन का अत्याधिक तेज होना
एंजियोग्राफी, पेसमेकर, एंजियोप्लास्टी, वाल्य प्रक्रिया
DK हॉस्पिटल LIC ऑफिस के सामने, कलेक्ट्रेट रोड, सीधी समय: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक
न्यू मिश्रा हॉस्पिटल LIC ऑफिस के बगल में, सीधी समय: 12:00 बजे से 02:00 बजे तक
पंजीयन हेतु संपर्क करें: टोल फ्री नं.-18008892250
Mob.: 8870288324, 9893516364



चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्र दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
2 अगस्त 2025, शनिवार
समय: सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
• लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। • लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। • खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। • शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। • शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। • शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। • शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कडापन महसूस होना। • शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311



SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY | ENGINEERING
D. PHARMACY
B. PHARMACY
POLYTECHNIC | B.TECH.
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA | BCA /MCA | B.A. LL.B.
B.COM. LL.B. | BBA LLB. | LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा पात्र विद्यार्थियों को शासन के योजनानुसार
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा



मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



टी.डी. एजुकेशन कालेज
सिरमौर रोड, लक्ष्मणपुर (लौवा) जिला-रीवा (म.प्र.)
(म.प्र. शासन द्वारा अतिरिक्त चरण की काउंसिलिंग से प्रवेश हेतु)
अंतिम अवसर
पंजीयन की तिथि दिनांक 31/07/2025 से 04/08/2025 तक

| पाठ्यक्रम | कालेज कोड |
|---|---|
| बी.एस.सी.बी.एड. | (कालेज कोड- 075) |
| एम.एड. | (कालेज कोड- 077) |
| बी.एड. | (कालेज कोड- 2106) |

संपर्क हेतु मो.: 8349493179, 9425830033, 9285457277



Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
WORLD'S GREATEST BRANDS 2015-16 IUA
SELECTED NO.1 BRAND INDIA 2014
1 ज्योतिष्मती तेल रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।
2 गन्धपुरा तेल जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।
3 निर्गुण्डी तेल नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।
4 चीड़ तेल मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।
5 पुदीना तेल इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।
6 कपूर तेल जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।
7 तिल तेल मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।
8 अलसी तेल जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।
Helpful in Painful Conditions
Dr. Ortho Oil An Ayurvedic Proprietary Medicine
20% EXTRA 100ml+20ml Extra
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 7876977777 www.drorthooil.com
Knee Pain Back Pain Shoulder Pain Wrist Pain
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं। मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com